

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 83 रांची, शुक्रवार, 06 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है।

### राष्ट्रपति भवन में चेंज ऑफ गार्ड समारोह का समय बदला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रस्मी गार्डों की अदला-बदली से जुड़ा चेंज ऑफ गार्ड समारोह अब नए समय पर आयोजित किया जाएगा। यह समारोह इस शनिवार, 7 मार्च से ग्रीष्मकालीन समय के अनुसार सुबह 8 से 9 बजे के बीच होगा। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह समारोह हर शनिवार को राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में आयोजित किया जाता है। हालांकि, यदि उस दिन कोई राजपत्रित अवकाश होता है तो कार्यक्रम नहीं होता। समारोह देखने के लिए दर्शकों को प्रति व्यक्ति 50 रुपये का ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क देना होता है, जो गैर-वापसी योग्य और गैर-हस्तांतरणीय है। करीब 50 मिनट तक चलने वाला यह समारोह सेरेमोनियल बैंड की धुनों के साथ शुरू होता है।

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली राजेश पुनेम ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोड़ा के बीच जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली मुठभेड़ में मारा गया। मौके से एक एसएलआर, एक इंसास रायफल एवं एक पिस्टल सहित बड़ी मात्रा कारतूस और नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। दरअसल, जंगल में नक्सली गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) राहुल कुमार उयके के नेतृत्व में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स के जवानों का एक दल रवाना किया गया था। 3 मार्च को रात लगभग 9 बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हो गई। मुठभेड़ के बादजवानों ने अगले दिन जंगल में सर्च अभियान चलाया।

### गुजरात में भूकंप के झटकों से दहशत, चार घंटे में तीन बार हिली धरती

**अहमदाबाद।** गुजरात में गुरुवार को भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महज चार घंटे के भीतर तीन बार धरती हिलने से लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इन झटकों की तीव्रता ज्यादा नहीं थी और कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जानकारी अनुसार भूकंप के झटकों का सिलसिला सुबह दाहोद जिले से शुरू हुआ। सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर यहां लोगों ने कंपन महसूस किया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र दाहोद शहर से करीब 34 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण दिशा में जमीन के नीचे बताया गया। तीव्रता कम होने के कारण कई लोगों को इसका अहसास भी नहीं हुआ, लेकिन जिन्हें महसूस हुआ वे एहतियातन घरों से बाहर निकल आए।

# चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**भारत ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराया**

**टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा सामना**

एजेंसी

**मुंबई।** भारत ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस हाई स्कोरिंग मुकाबले में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना सकी। अब खिताबी मुकाबले में भारत का सामना 08 मार्च को न्यूजीलैंड टीम से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा।

**सैमसन की विस्फोटक पारी से भारत का बड़ा स्कोर :** भारतीय पारी की शुरूआत में अभिषेक शर्मा जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद संजू सैसमन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। उन्होंने 42 गेंदों में 89 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल रहे। सैमसन ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 97 रन की अहम साझेदारी की। किशन ने



18 गेंदों में 39 रन बनाए। इसके बाद शिवम दुबे ने भी 25 गेंदों में 43 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में हार्दिक पांड्या ने 12 गेंदों में 27 रन और तिलक वर्मा ने 7 गेंदों में 21 रन बनाकर भारत का स्कोर 250 के पार पहुंचाया।

**बैथेल का शतक, लेकिन इंग्लैंड को नहीं दिला सके जीत :** 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को शुरूआत में झटके लगे। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती ने पावरप्ले में एक-एक विकेट लेकर दबाव बनाया। हालांकि इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बैथल ने शानदार शतक लगाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। उन्होंने जोस बटलर, टॉम बैंटन और विल जैक्स के साथ अहम साझेदारियां कीं। मैच के 17 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 209 रन था और उसे आखिरी तीन ओवर में 45 रन की जरूरत थी। उस समय मुकाबला पूरी तरह रोमांचक हो गया था।

**बुमराह और पांड्या के ओवरों ने बदला मैच :** 18वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन दिए। इसके बाद 19वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने सैम करन को आउट कर इंग्लैंड पर दबाव बढ़ा दिया। आखिरी ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी शिवम दुबे को दी गई और पहली ही गेंद पर जैकब बैथेल 105 रन बनाकर रन आउट हो गए। इसके साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गईं और टीम इंडिया ने 7 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ भारत लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है और अब वह खिताब बचाने से सिर्फ एक कदम दूर है।

# भारत-फिनलैंड डिजिटल और सस्टेनेबिलिटी को देंगे नई गति

**पीएम मोदी बोले - केवल सैन्य विवाद से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में अपने संबंधों को एक नई रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं, जिससे उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के अनेक क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलेगी। हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के भारत के पहले दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि वह न केवल एक वैश्विक नेता हैं बल्कि एक प्रतिष्ठित विचारक और लेखक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए सम्मान और प्रसन्नता की बात है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक कई क्षेत्रों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप जैसे दो बड़े कूटनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों का नया दौर वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की शुरूआत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि फिनलैंड की कंपनी नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### दोनों देशों ने समझौते पर किये हस्ताक्षर

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए तेजी से एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे संयुक्त अनुसंधान और स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिनलैंड शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श माना जाता है और दोनों देशों ने शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूल-से-स्कूल साझेदारी और शिक्षा के भविष्य पर अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इससे स्कूल से लेकर उद्योग तक मानव संसाधन विकास के हर स्तर पर सहयोग को और मजबूत किया जाएगा।

# दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु समेत नौ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल-उपराज्यपालों का फेरबदल

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, बिहार, नगालैंड, महाराष्ट्र और तेलंगाना में राज्यपालों एवं उपराज्यपालों के पदों पर व्यापक फेरबदल को मंजूरी दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये सभी नियुक्तियां संबंधित पदों का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी।

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस का इस्तीफा राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। इसके बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। तमिलनाडु में राज्यपाल पद की जिम्मेदारी केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपी गई है। वे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ तमिलनाडु के राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करेंगे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। नागालैंड में नंदकिशोर यादव को राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश में रिक्त हुए पद पर लद्दाख के उपराज्यपाल कविन्द्र गुप्ता को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की नियुक्ति की गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल पद पर वरिष्ठ राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को नियुक्त किया गया है।



### बंगाल विस चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। लोक भवन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ये अहम घटनाक्रम सामने आया है। इस्तीफा देने के बाद बोस ने मीडिया से कहा कि मैंने काफी समय गवर्नर ऑफिस में बिता लिया है। बता दें कि सीवी आनंद बोस बंगाल में राज्यपाल के तौर पर करीब साढ़े तीन साल बिता चुके हैं।



**हैदराबाद** में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के सुपुत्र सूर्य विक्रमादित्य का विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस भव्य अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिरकत कर वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया एवं भावी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

**बिहार में हो रहा नीतीश युग का अंत**

# नीतीश कुमार ने किया रास चुनाव के लिए नामांकन

एजेंसी

**पटना।** जदयू कार्यकताओं के भारी विरोध के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद थे। नितिन नवीन ने भी राज्यसभा के लिए नामांकन किया है। नीतीश कुमार ने इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। उन्होने लिखा है कि संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि



मैं विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में मैं राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहाहूं। उन्होने यह भी लिखा है कि बिहार की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग रहेगा। यानी यह साफ हो गया कि बिहार में नीतीश युग का अब अंत हो रहा है। नीतीश कुमार भले ही यह कह रहे हो कि वह अपनी मर्जी से राज्यसभा जा रहे हैं,लेकिन लोगों को यह विश्वास नहीं हो रहा है। जदयू कार्यकताओं में इसे लेकर भारी रोष और नाराजगी है। नाराज कार्यकर्ता?ओं ने जदयू कार्यालय में तोड़ फोड़ भी की। कार्यकताओं को जैसे ही इस बात की भनक मिली, वे मुख्यमंत्री आवास पर जुटने लगे।उनका कहना था कि यह नीतीश कुमार का फैसला नहीं है,हम उन्हे रोकेंगे। पार्टी कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर ललन सिंह, संजय झा और विजय चौधरी के खिलाफ जम कर नारेबाजी की ओर इन्हे 'जयचंद' बताया। अब जब यह साफ हो गया कि राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ेंगे,इस पर चर्चा शुरू हो गई कि अगला सीएम कौन होगा। राजनीतिक हलकों में यह सवाल उठ रहा है कि क्या पहली बार बिहार में भाजपा का सीएम बनेगा या फिर नीतीश कुमार के किसी करीबी को मुख्यमंत्री बनाया जायेगा।

**संघ प्रमुख ने स्वामिनारायण मंदिर के द्विशताब्दी महोत्सव में दिया एकता, धर्म और राष्ट्रहित का संदेश**

# धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी

**अहमदाबाद।** शहर के निकट स्थित जेतलपुर स्वामिनारायण मंदिर में भगवान स्वामिनारायण के आगमन के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य द्विशताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव आचार्य प.पू. 108 व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से संत-महंतों और हजारों हरिभक्तों ने भाग लिया। द्विशताब्दी महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ नरनारायणदेव गादी के पीठाधीपति प.पू. ध.धू. 1008 आचार्य कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए मोहन भागवत ने कहा, हम जो कार्य पिछले 100 वर्षों से कर रहे हैं, वही कार्य स्वामिनारायण भगवान और उनका संप्रदाय पिछले 200 वर्षों से कर रहा है। उन्होंने स्वयं को यहां जूनियर के रूप में सीनियर से मिलने आया हुआ बताया। उन्होंने कहा कि जो धर्म का पालन करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जीवन में उपासना और साधना अत्यंत आवश्यक है। केवल सपने देखने से कुछ नहीं होता, बल्कि आचरण से ही परिवर्तन संभव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं।

भागवत ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि सभी मनुष्य ईश्वर की रचना हैं, फिर ऊंच-नीच का भेद कैसा? यदि हम इन मूल्यों को अपनाएं तो सनातन धर्म की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारत के पास है और अंततः विश्व को मार्गदर्शन भारत से ही मिलेगा। अपने संबोधन में उन्होंने गुजरात में चल रही व्यसनमुक्ति और सेवा गतिविधियों की भी सराहना की। आध्यात्मिक संदर्भ में उन्होंने कहा, ऐसा कोई अक्षर नहीं जिसका मंत्र में उपयोग न हुआ हो, अर्थात सृष्टि के प्रत्येक अंश में दिव्यता विद्यमान है। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि भले ही धर्म के मार्ग अलग-अलग हों, लेकिन सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है- सनातन। समाज और राष्ट्रहित में सभी को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

# देशभर में बम धमाकों की धमकी देने का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के स्कूलों, स्टॉक एक्सचेंज और मेट्रो स्टेशनों समेत देश के विभिन्न स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पिछले कुछ दिनों में देश के करीब 50 स्थानों को धमकी भरे ईमेल भेजे थे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के न्यू बराकपुर निवासी सौरव विश्वास (28) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पिछले पांच दिनों के दौरान मुंबई, दिल्ली, गुजरात सहित कई राज्यों के महत्वपूर्ण संस्थानों और



सार्वजनिक स्थानों को बम धमाके की धमकी भेजी थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को सुबह करीब 8:46 बजे इंटरनेट के माध्यम से मुंबई के कई स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों को एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। ईमेल में अगले दो दिनों के भीतर बम विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और कई स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया।

# डोल महोत्सव में भगवान श्री राधा कृष्ण को झुलाया झूला, जमकर उड़ाये गुलाल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी।** इटकी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में होली का त्योहार परंपरागत रूप से संम्पन्न हो गया है। बुधवार को सुबह से लेकर दो बजे दिन तक लोगों ने जमकर रंगों की होली खेली । इस दौरान रंगों से सराबोर लोग वादय यंत्रों के धुन पर जमकर नाचते गाते नजर आये। करीब चार बजे श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में डोल महोत्सव का आयोजन किया गया। पंडित श्याम सुन्दर राम तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच डोला में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण के प्रतिमा की पूजा अनुष्ठान किया। महाआरती के बाद भूतपूर्व जमीनदार के वंशजों ने विधि विधान के साथ राधा कृष्ण की प्रतिमा को झुला झुलाया। इस दौरान भक्तों ने फाग गीत के साथ झुमते हुए जमकर अबीर गुलाल उड़ाये और एक दूसरे को गुलाल लगा कर नव वर्ष की शुभकामनाऐं दी। लोग एक दूसरे घरों में पहुंच कर बड़ों को गुलाल लगाये और चरण छू कर आर्शिवाद लिया यह शिलशिला देर रात तक चली ।

इधर होली त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन काफी मुस्तैद दिखी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस ने गस्ती बढ़ा रखा था। डोल महोत्सव में भूतपूर्व जमीनदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, आसू नाथ शाहदेव, कमेश वर्म्मण,भरत केशरी, कृष्णा तिवारी, बंशीधर साहू, हरिनारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पिठोरिया थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनी रंगों की होली

**सौहार्द, सुरक्षा और भाईचारे का दिखा सुंदर संगम**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पिठोरिया।** रांची जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रंगों का महापर्व होली पूरे उत्साह, सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से ही बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीरझ्रगुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ढोलझ्रमंजीरे की थाप पर फाग गीत गूंजते रहे, वहीं पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू ने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। कई मोहल्लों में आकर्षक सजावट देखने को मिली। रंगीन झंडियां, फूलों की मालाएं और रंग-बिरंगी रोशनी ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर गश्त जारी रही, जिससे आमजन ने निर्भय होकर पर्व का आनंद लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों ने भी लोगों से संयम और आपसी भाईचारे बनाए रखने की अपील की, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला।

## संक्षिप्त

### ट्रैक्टर के टक्कर से युवक का मौत

**सोनाहातू।** प्रखंड के बरसालडीह गांव में ट्रैक्टर के चपेट में आने से 15 वर्षीय युवक अमित हजाम का मौत हो गया गया है। अन्य एक युवक शंकर हजाम गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना मंगलवार सुबह 9 बजे के आसपास की है। गांव के युवक शंकर हजाम और अमित हजाम तालाब में स्नान करने जा रहे थे। एक ट्रैक्टर तेज गति से आकर टक्कर मार दिया है।टक्कर से अमित हजाम का घटना स्थल में मौत हो गया है। तथा शंकर हजाम गंभीर रूप से घायल हुआ है। इधर टक्कर के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया है। मृतक सोनाहातू के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का 8 वीं का छात्र था। सोमवार को 8 वीं का बोर्ड परीक्षा लिखा था।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### बेटी को कीटनाशक देकर मारने की कोशिश, सिल्ली थाना में मामला दर्ज

**सिल्ली।** थाना अंतर्गत बंता गांव निवासी मुकेश कुशवाहा ने सोनार टोला निवासी बिनोद सोनार के पुत्र अभिषेक सोनार के द्वारा उनकी बेटी को कीटनाशक दवा खिला कर जान मारने के आरोपी में सिल्ली थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मुकेश कुशवाहा ने बताया कि मेरी बेटी प्रिया कुमारी गुरुवार को दोपहर को किसी काम को लेकर घर से बाहर निकली थी, फिर वह वापस नहीं लौटी।काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। देर शाम गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि विनोद के घर जाते देखे थे। उसके बाद से वह घर से नहीं निकली है।काफी पूछताछ के बाद भी बिनोद के पुत्र अभिषेक ने इनकार करते रहा। जबरन उनके घर घुस कर खोजबीन किए तो उनके मकान के तीसरे तल्ला के एक कमरे में बेहोश मिली। तथा मुंह से झांक भी निकल रहा था।इधर नाबालिक बच्ची ने बताया कि मेरी एक सहेली के साथ अभिषेक के घर बेर खाने गए थे।उसी समय अभिषेक ने मुझे पानी पीने की दिया ।उसके बाद मुझे काफी पसीना आने लगा उसके बाद से मुझे कुछ भी पता नहीं है। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि अभी खतरे से बाहर है। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा 10 को करेगा विधानसभा मार्च

## मार्च के दौरान किया जायेगा धरना-प्रदर्शन



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा (जेएएसएम) रांची जिला की बैठक डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मार्च को विधानसभा मार्च किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सुबोध कुमार लकड़ा और संचालन सचिव मनोज लकडा ने की। मौके पर सुबोध कुमार लकड़ा ने बताया कि मांगों को लेकर 10 मार्च को झारखंड विधानसभा मार्च किया जाएगा है। साथ ही इस दौरान धरना और प्रदर्शन किया जायेगा।

इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, प्रभारी अनथन लकड़ा, ज़िला संयोजक अमर भेंगरा, सुजीत कुमार राम, राजेंद्र महतो, अयोध्या महतो, अलाउद्दीन अंसारी, बिरसा मिंज, सुरेश महतो, अर्जुन प्रजापति, चुन्दा उरांव, गोरा उरांव, मरियम एक्का, दिनेश चौधरी, बरतू कुजूर, सेबेस्तीयन कुजूर, छेदी उरांव बुढ़वा कुजूर जलही उड़ाइन, सोमारी केरकेट्टा,गायदा उरांव, सिमोन तिग्गा, रमाकांत विश्वकर्मा, दुखा उरांव, साधनी उराइन सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डैम में नहाने गए युवक के डूबने की आशंका, गोताखोर करेंगे तलाश

**खूंटी।** सदर थाना क्षेत्र के कमंता डैम में नहाने गए एक युवक के डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। फिलहाल युवक का कोई पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार खूंटी थाना क्षेत्र के अनिगाड़ा गांव के रहने वाले करन सिंह, बिंदेश्वर होरो, सुखराम पाहन, घसिराय पाहन, सुबोध सारुकद पूर्ति और आकाश पूर्ति गुरुवार को कमंता डैम में नहाने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि सभी युवक डैम में नहा रहे थे। उसी दौरान आकाश पूर्ति (22) अचानक पानी में गायब हो गया। साथ में मौजूद युवकों ने बताया कि पहले तो उन्हें लगा कि आकाश पूर्ति मजाक कर रहा है, लेकिन काफी देर तक वह दिखाई नहीं दिया तो सभी ने डैम और आसपास के इलाके में उसकी तलाश शुरू की। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो सभी युवकों ने अपने स्तर से घर और गांव के आसपास भी तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटनास्थल पर आकाश पूर्ति के कपड़े, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान डैम किनारे रखा हुआ मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह डैम में डूब गया होगा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खूंटी थाना को दी।

# विधायक ममता देवी और कुसुमलता मुंडा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलीं



**गोला (रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी एवं रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं गांडेय विधानसभा की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से उनके पैतृक निवास गोला प्रखंड अन्तर्गत नेमरा गाँव जाकर मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्हें होली की बधाई दी। ज्ञात हो कि सूबे के मुख्यमंत्री इनदिनों अपने पैतृक निवास मे सपरिवार बाहा पूजा के उपलक्ष्य में उपस्थित हुए हैं। मुख्यमंत्री प्रत्येक वर्ष अपने पारंपरिक पर्व बाहा पूजा में सपरिवार उपस्थित होते हैं। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग कमलेश कुमार महतो, आरती मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# किन्नर समाज ने 200 जरूरतमंद परिवारों को कपड़े और आर्थिक सहायता दी



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा में किन्नर समाज ने रमजान के पवित्र महीने में मानवता और सामाजिक जिम्मेदारियो का पालन करते हुए 200 जरूरतमंद गरीब परिवारों के बीच कपड़े और आर्थिक सहायता दी। जिससे जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी। इस दौरान किन्नर समाज के सदस्यों ने बताया कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, करुणा और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए समाज के कमजोर और आर्थिक रूप से परेशान परिवारों की सहायता करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर गुरु अरुण किन्नर ने कहा कि समाज में कई ऐसे परिवार हैं जो रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई का सामना करते हैं। इसलिए ऐसे लोगों की मदद करना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। गुरु अरुणा किन्नर ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज हमेशा से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है और आगे भी ऐसे मानवीय कार्य करता रहेगा। उन्होंने समाज के समृद्धि वर्ग से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। मदद प्राप्त करने वाले गरीब परिवारों ने किन्नर समाज और अरुणा किन्नर के प्रति आभार जताया। लोगों ने कहा कि इस तरह की पहल समाज में एक साकारात्मक संदेश देती है और दूसरों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करती है। मौके पर किन्नर समाज के कई सदस्य मौजूद थे।

# नगर परिषद रामगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता का गोला में हुआ स्वागत

**गोला (रामगढ़)।** रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी का गुरुवार को गोला डाक बंगला में भव्य स्वागत किया गया। कुसुमलता कुमारी ने नेमरा पहुंचकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से नगर परिषद रामगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने पर आशिर्वाद लेने पहुंची।नेमरा से आशिर्वाद लेकर लौटने के क्रम गोला डाक बंगला परिषर पार्टी के कार्यकताओं से मुलाकात की। रामगढ़ विधायक ममता देवी, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सहित पार्टी कार्यकताओं ने कुसुमलता कुमारी का भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकताओं के द्वारा कुसुमलता कुमारी को जीत की बधाई दी गई। कुसुमलता कुमारी ने जीत का श्रेय देवतुल्य जनता और पार्टी कार्यकताओं को दी। कुसुमलता कुमारी ने निस्वार्थ भाव से जनता की कार्यो करने की बात कही। साथ उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त नगर परिषद रामगढ़ बनाने की बात कही।

# पूर्व पार्षद सनियारो बारला ने महिलाओं के लिए होली मिलन समारोह का किया आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बरकाकाना (रामगढ़)।** रंग गुलाल का महापर्व होली बरकाकाना व इसके आसपास के क्षेत्र में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान बरकाकाना ओपी पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार क्षेत्र में गश्त किया जाता रहा। ताकि किसी भी तरह की अनहोनी ना हो सके। सरकार द्वारा शराब बेची जाने पर पाबंदी लगाई जाने के बावजूद कई दुकानों में खुले आम शराब बेचा जाता रहा। इसके साथ ही बरकाकाना के सीआईसी बस्ती के चबूतरा में अंजनी महिला समिति द्वारा रामगढ़ नगर परिषद के पूर्व पार्षद सनियारो बारला के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लाइन पार, सीआईसी बस्ती, करमाली टोला के महिलाओं के साथ अंजनी महिला समिति के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं द्वारा जमकर ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया गया। इसके साथी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को रंग अमीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया गया। जबकि पूर्व पार्षद सनियारो बारला द्वारा सभी महिलाओं को कई तरह की पकवान बनाकर परोसा गया।

# रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण सम्पन्न, ब्रह्म मुहूर्त में हुआ होलिका दहन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** रंगों का त्योहार होली सिल्ली एवं आसपास क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही विभिन्न मोहल्लों में बच्चे व युवा लोगों को रंग लगाने के लिए भागते नजर आएं। पुरुषों व महिलाओं ने टोली में एक-दूसरे के घर जाकर होली खेली। शाम में अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान लोगों ने पुआ- पकवान का भी आनंद लिया। इससे पुर्व इलाके में होलिका दहन मंगलवार को तड़के पूरे और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भद्रा नक्षत्र के कारण शास्त्र सम्मत निर्णय लेते हुए अहले सुबह 4:56 बजे ब्रह्म मुहूर्त में होलिका प्रज्वलित की गयी। जिसमें मारवाड़ी समाज द्वारा सिल्ली बाजार पुराने यूनियन बैंक के समीप, क्षत्रिय समाज द्वारा राजवाड़ी के समीप इसके अलावे लुपुंग महावीर चौक और विभिन्न मुहल्लों में होलिका दहन की गयी । वहीं मंगलवार देर शाम सिल्ली पुलिस ने थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में फ्लेग मार्च निकाली जो सिल्ली बजार, बुढ़ाआम, मुरी आदि होते हुए वापस सिल्ली थाना परिसर पहुंची। ग्रहण और सूतक के प्रभाव के कारण रंगों की होली बुधवार चार मार्च को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनायी गई।

# धूमधाम से मनाई गई होली, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का दिया संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दोनों दिन रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंगते नजर आते रहे। इनके साथ ही ढोल की धुन और संगीत पर नाचते लोग अपने तरीके से ही होली का जश्न मनाते नजर आए ।भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले शिकवे भुला कर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। होली पर बच्चों सहित बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से देर शाम तक लोग होली के रंगों में रंगे रहे। राहे में रंगों की होली खेलते हुए कपड़ा फाड़ होली भी जम के मनाया। एक दूसरे के कपड़े फाड़ के खुशी का इजहार किया। पूरा राहे ओर सोनाहातू प्रखंड रंग के मस्ती में डुबा रहा।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर चौक चौराहे पर स्थानीय पुलिस के जवान तैनात रहे देर शाम तक कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी। राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था को लेकर मुख्य मार्ग में फ्लैग मार्च किए।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस का होली मिलन सह अभिनंदन समारोह

# प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है होली : ममता देवी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** होटल ला मैरिटल में जिला काँग्रेस कमिटी के द्वारा होली मिलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष सह रामगढ़ विधायक ममता देवी के अगुवाई में आज हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।अभिनन्दन समारोह में रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा एवं अन्य नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों का भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया।इस होली मिलन में सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और एकता, प्रेम, सद्भाव का परिचय देते हुए एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मौके पर बड़कागाँव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सीपी संतान, बलजीत सिंह बेदी, मुन्ना पासवान, तारिक अनवर, दिनेश मुंडा, पंकज प्रसाद तिवारी, भीम साव, धर्मराज राम, खोगेन्द्र साव, मंजू जोशी, अनु विश्वकर्मा, रणधीर गुप्ता, मुकेश यादव, जेपी सिंह, एहसानुल्ला, सागर महतो, गोपाल मुंडा, संजय साव, संतोष सोनी, सुजीत पटेल भैरव ठाकुर, परमानंद सिंह, हीरालाल महतो, भरत महतो सहित जिला एवं प्रखंड के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई होली

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से होली मनाई गई। होली के उमंग में लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाया और मिठाइयाँ खिलाई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा कॉलोनी क्षेत्रों में डीजे की धुन पर युवा वर्ग खूब थिरके। युवाओं की टोलियाँ इधर-उधर घूम घूम कर अपने दोस्तों के साथ होली खेली। वहीं बड़े बुजुर्गों को तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया।साथ ही लोगों ने होली की बधाई दी। युवाओं की टोलियों ने कहीं गुलाल से होली खेली गई तो कहीं पिचकारियों पर जमकर रंग की फुहार बरसी।

# इटकी के नव निर्मित सूर्य मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज से शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी।** इटकी बाहरी तलाब स्थित नव निर्मित सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरा मंदिर परिसर सज-धज कर तैयार है। शुक्रवार की सुबह आठ बजे 3,100 महिलाओं द्वारा विशाल कलश शोभा यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो जायेगी। महोत्सव को लेकर बाहरी तलाब से लेकर देवी मंडप तक आकर्षक रंगीन लाइटों से सजाया गया है। दो बजे पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश सहित कई अन्य अनुष्ठान किया जायेगा। इस यज्ञ के मुख्य आचार्य सूर्यकांत मनी त्रिपाठी, अखिलेश पाठक, कुंज बिहारी पाण्डे श्री निवास मिश्रा और मंजीत कुमार पाठक सहित अन्य विद्वानों का आगमन होगा जबकि प्रवचन के लिए शालनी त्रिपाठी अपने टीम के साथ भाग लेगे। मंदिर को साज सजा कर भव्य रूप दिया गया है। वही प्रवचन श्रोताओं के लिए तीन हजार क्षमता की विशाल पंडाल का निर्माण की गई है। गुरुवार की शाम महोत्सव को कार्य रूप देने के लिए सूर्य मंदिर निर्माण समिति ने बैठक कर रूप रेखा तैयार कर ली है। ग्रामीण महोत्सव को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे है।

## एडवांस्ड कम्प्यूटिंग एंड एप्लीकेशंस पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आज से

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राम टहल चौधरी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर विज्ञान और तकीनीकी विभाग के तत्वा्वधान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 6 और 7 मार्च को किया जा रहा है। इसका विषय एडवांस्ड कम्प्यूटिंग एंड एप्लीकेशन्स है। यह सम्मेलन झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इनजीनियर्स के रांची चैप्टर के सहयोग से हो रहा है। इसे झारखंड काउंसिल ऑन साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन, झारखंड सरकार का समर्थन प्राप्त है। सम्मेलन का उद्घा टन सत्र 6 मार्च, 2026 को नामकुम स्थित झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉ के सभागार में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य




अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे। विशिष्ट अतिथि आईईटीई, नई दिल्ली के अध्यक्ष सुनील होंगे।
उद्घाटन समारोह में झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह, सम्मेलन अध्यक्ष, रायगंज विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.के. मंडल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रो. (डॉ.) रंजीत कुमार सिंह, आईईटीई, नई दिल्ली के चेयरमैन डॉ. शिव कुमार और मलेशिया के मल्टीमीडिया विश्वविद्यालय के डॉ. सी. नवा सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल कम्युनिकेशन, सिग्नल प्रोसेसिंग, मल्टीमीडिया, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल फोरेंसिक जैसे समकालीन विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन के दौरान कई मुख्य वक्ता व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें मल्टीमीडिया यूनिवर्सिटी, मलेशिया के प्रो. एन.सी. अर्जुमन, प्रोफेसर गौतम तांती, एड्मस यूनिवर्सिटी, कोलकाता, डॉ हेमंत सोनी, प्रोडक्ट लीडर, टेलीकॉम मीडिया टेक्नोलॉजी, यूएसए और मकाउट, कोलकाता के प्रो. देबाशीष डे शामिल हैं। सम्मेलन में सस्टेनेबल कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल कम्युनिकेशन एंड कम्प्यूटिंग, सिक्योरिटी एंड डिजिटल फोरेंसिक, सिग्नल प्रोसेसिंग एंड मल्टीमीडिया विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## झारखंड के 11 जिलों में 09 को बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्य के 11 जिलों में 09 मार्च को बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार 07 से 10 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है। इस दौरान गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार 7 मार्च को पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 08 और 09 मार्च को 14 जिलों में हल्के दर्ज की बारिश हो सकती है। वहीं 10 मार्च को राज्य के १३ जिलों में



हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है, जबकि ११ जिलों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में कोडरमा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, दुमका, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, बोकारो और धनबाद शामिल हैं।
वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 36.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला जिले में 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम दर्जे की हवा चली। इससे दिन में धूप में काम तपिश महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 15.2 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.1 और न्यूनतम 17.6 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 15. 3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 15.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### संक्षिप्त

#### बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को रास के लिए दी बधाई

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नीतीश कुमार पिछले तीन-चार दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं और राज्य को जंगल राज से बाहर निकालकर सुशासन स्थापित करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और बेहतर शासन के लिए एक नई पहचान बनाई है। मरांडी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने सार्वजनिक जीवन में हमेशा ईमानदारी, सम्मान और नैतिकता के मूल्यों को प्राथमिकता दी है। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार का अनुभव और नेतृत्व संसद के उच्च सदन को भी गौरवान्वित करेगा। मरांडी ने नीतीश कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास में उनके योगदान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

#### एचईसी में रमजान पर एक घंटे पूर्व छुट्टी दे प्रबंधन : एस अली

**रांची।** झारखंड छात्र संघ और आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने एचईसी में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के दौरान इफ्तार के लिए उपक्रम में एक घंटे पूर्व छुट्टी देने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को इस संबंध में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी और एचईसी के सीएमडी को पत्र भेजकर तत्काल छुट्टी लागू करने का आग्रह किया है। अली ने कहा कि 14 फरवरी 1994 को रमजान के संबंध में अधिसूचना भी जारी की गई थी। धार्मिक कार्यों के अधिकार को लेकर एचईसी प्रबंधन और यूनियन के बीच समझौता भी हुआ था। लेकिन वर्ष 2026 में यह व्यवस्था लागू नहीं होने से एचईसी में रोजेदार कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। वे इफ्तार और अन्य धार्मिक कार्यों से वंचित हो रहे हैं। पत्र में अली ने कहा कि रमजान के दौरान देश के कई सरकारी संस्थानों और राज्य सरकारों में मुस्लिम कर्मचारियों को इफ्तार के लिए एक घंटा पहले छुट्टी देने की व्यवस्था रहती है।

# हाजत में मौत मामले में थाना प्रभारी सहित सात निलंबित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के नामकुम थाना हाजत में बंद आरोपित की मौत मामले में पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी राकेश रंजन ने मामले की जांच दूसरे क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक बुंडू रामकुमार वर्मा को सौंपी है। साथ ही हाजत में बंद आरोपित की सुरक्षा और निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में नामकुम थाना प्रभारी सहित सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें थाना प्रभारी मनोज कुमार,प्रभुवन कुमार, सुधीर शर्मा, गयानंद, मुकेश ठाकुर, राहुल प्रताप सिंह शामिल है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित जगाई मुंडा पर बदले की भावना से एक नाबालिग लड़के का अपहरण कर उसकी हत्या करने का आरोप था। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने साक्ष्य छिपाने की नियत से इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। उसे गिरफ्तार कर नामकुम थाना के हाजत में रखा गया था। इसी दौरान हाजत में आरोपित की मौत हो गई, जिसके बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल




कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाएगी, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।
पुलिस प्रशासन ने यह भी बताया कि हाजत में बंद आरोपित की सुरक्षा और निगरानी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राथमिक जांच के आधार पर नामकुम थानेदार सहित सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी। बताया जा रहा है कि जगाई मुंडा को एक बच्चे के अपहरण और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह खूंटी जिले के साइको थाना क्षेत्र के कोल्हापूर्ति गांव का रहने वाला था। उसका उसी गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध था और दोनों कुछ समय से नामकुम थाना क्षेत्र में रह रहे थे। रविवार को किसी बात को लेकर महिला और आरोपित के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपित ने बदले की भावना से महिला के 12 वर्षीय बेटे रमेश हजाम का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद वह बच्चे को रामगढ़ थाना क्षेत्र के घाटो इलाके में ले गया, जहां उसकी हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बच्चे के अपहरण और हत्या की बात स्वीकार कर ली थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बच्चे का शव भी बरामद कर लिया।

## 9-11 मार्च तक निगम लगाएगा विशेष कैंप

**रांची।** नगर निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पूर्व अपर बाजार क्षेत्र के लाइसेंसधारियों को शुल्क भुगतान की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए लाइसेंस होल्डरों के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप अपर बाजार स्थित डीबरी पट्टी दुर्गा मंदिर के बेसमेंट में 9 मार्च से 11 मार्च तक चलेगा। कैम्प सुबह 11 से शुरू होगा, जो दोपहर 3 बजे तक रहेगा। निगम द्वारा आवंटित भूमि अथवा दुकानों के लाइसेंस होल्डरों से मासिक किराया शुल्क की वसूली के लिए यह कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिससे लाइसेंस होल्डर अपने बकाया किराया शुल्क का भुगतान आसानी से कर सकें। रांची नगर निगम ने सभी लाइसेंस होल्डरों से अपील किया है कि कैंप में उपस्थित होकर अपना बकाया किराया शुल्क समय पर भुगतान कर सकें, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व देय राशि का निपटान किया जा सके।

## शहर के विभिन्न इलाकों में आज छह घंटे तक नहीं रहेगी बिजली

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हरिहर सिंह रोड फीडर से संबंधित इलाकों में शुक्रवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। हरिहर सिंह रोड फीडर, कोकर डिवजीन के सब डिवीजन आरएमसीएच और मोरहाबादी के पावर हाउस यह जानकारी बिजली विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, आरएमसीएच के अधीन (आरडीएसएस) कार्य करने के लिए हरिहर सिंह रोड के मंडाटांड, मस्जिद गली, खलिहान गली, हरिहर सिंह रोड क्षेत्र का ट्रांसफार्मर बंद रहेगा। साथ ही इस दौरान विभाग की ओर से एलटी के नंगे तार को कवर केबल करने और पोल खड़ा करने का काम किया जाएगा। इस चलते उपर्युक्त इलाकों में विद्युत आपूर्ति सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक बाधित रहेगी।

## अग्निवीर भर्ती के द्वितीय चरण में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों के लिए जरूरी सूचना

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों के द्वितीय चरण में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र, एडमिट कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस के अनुसार झारखंड के सभी जिलों के द्वितीय चरण में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की भर्ती रैली 18 मार्च को आयोजित की जाएगी।
सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र, एडमिट कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी पुरुष अभ्यर्थी 17 मार्च 2026 की मध्यरात्रि तक रैली स्थल पर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी पर विजिट करें।

**ये है पूरा कार्यक्रम**

**पुरुष अभ्यर्थी**

**स्थान :** मगध विश्वविद्यालय मैदान, बोधगया, बिहार
**रैली तिथि (पुरुष अभ्यर्थी) :** 18 मार्च 2026
**गेट खुलने का समय :** 0030 बजे (रात्रि 12:30 बजे)

**महिला सैन्य पुलिस**

**रिपोर्टिंग तिथि :** 16 मार्च 2026 (मध्यरात्रि तक)
**शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं पीएमटी :** 17 मार्च 2026

## मौसम केंद्र की पत्रिका झारखंड मौसम दर्पण को मिले दो पुरस्कार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मौसम केंद्र, रांची की पहली गृह पत्रिका झारखंड मौसम दर्पण को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। पहले प्रयास में ही प्राप्त इन 2 महत्वपूर्ण पुरस्कारों ने केंद्र के कर्मियों में नया जोश व उत्साह को भरने का कार्य किया है। इस पत्रिका का विमोचन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 16 दिसंबर, 2024 को स्मार्ट सिटी के सभागार में मौसम विज्ञान विभाग की सेवा के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित दिवसीय कार्यशाला में किया था। बहुत जल्द ही मौसम केंद्र गृह पत्रिका का द्वितीय अंक



भी प्रकाशित करेगा। अगरतला में गत 20 फरवरी, 2026 को संपन्न पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में मौसम केन्द्र की गृह पत्रिका झारखंड मौसम दर्पण को क क्षेत्र कार्यालय श्रेणी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के द्वारा पूर्वी क्षेत्रों का वर्ष 2024-25 के लिए क्षेत्रीय राजभाषा का द्वितीय पुरस्कार मिला। इसी तरह 17 फरवरी, 2026 को संपन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की 30वीं और वर्तमान वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केंद्रीय कार्यालय), रांची के अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पत्रिका झारखंड मौसम दर्पण के प्रकाशन के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह जानकारी मौसम विज्ञानी-बी सह हिंदी संपर्क अधिकारी उपेन्द्र श्रीवास्तव ने दी।

#### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चंपाई सोरेन के गांव पहुंचकर पोते को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गुरुवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित पैतृक गांव



जिलिंगगोड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान संजय सेठ ने दिवंगत वीर सोरेन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की शांति तथा मोक्ष की कामना की। उन्होंने चंपाई सोरेन और उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि वीर का असमय निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ऐसे कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उल्लेखनीय है कि वीर सोरेन का कुछ दिन पूर्व असामयिक निधन हो गया था, जिससे परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर है।

#### भाजपा ने नीतीश को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की रची साजिश : राजद

**रांची।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक राजनीतिक छल के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रची है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के पद से पटाने की साजिश भाजपा आज से नहीं, बल्कि लंबे दिनों से रच रही थी और आखिरकर भाजपा ने उन्हें अपने चंगुल में फंसा ही लिया। मनोज कुमार ने कहा कि इस संबंध में पार्टी के नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव नीतीश कुमार को अगाह कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजनीति के तहत इतना मानसिक दबाव बनाया कि नीतीश कुमार पद छोड़ने पर विवश हो गए। बिहार की जनता की ओर से चुनी हुई सरकार के मुखिया को प्रेशर पॉलिटिक्स के जरिए जबरन पद से हटाना काफी अन्यायपूर्ण है और बिहार की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब-जब किसी दल को अपने साथ रखकर राजनीति की है तब तब उस दल को बर्बाद करने की साजिश रची है।

#### मंच ने असहायों संग मनाई होली, बांटे चिप्स और गुलाल

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से होली का उत्सव असहाय बुजुर्गों के साथ गुरुवार को मिलकर पहाड़ी मंदिर के



समीप मनाया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शाखा की ओर से बुजुर्गों के बीच चिप्स के पैकेट, जूस, टॉफी, फूड पैकेट और गुलाल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी महिला शाखा के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। समाज के हर वर्ग को उनके सम्मान और देखभाल के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान ममता भिवानिया की ओर से चिप्स और जूस का विशेष सहयोग दिया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, कविता सोमानी, दीपिका मोतिका सहित मंच की अन्य सदस्य मौजूद थे।

#### शराब दुकान गोलीकांड : तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस कर रही पूछताछ

**रांची।** अनगड़ा थाना इलाके में तीन मार्च को देव सिंह मुंडा और उसके साथियों ने एक शराब दुकान पर फायरिंग की थी। इस मामले में रांची पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ कर रही है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने अलग-अलग ठिकाने पर छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर अनगड़ा थानी की पुलिस ने बताया कि फिलहाल गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही ये जानने का प्रयास किया जा रहा है कि फायरिंग क्यों की गई थी। इस मामले में पूछताछ करने के बाद उम्मीद है कि कुछ और नई जानकारियां सामने आ सकती है।

#### बीआईटी मेसरा में राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**रांची।** बीआईटी, मेसरा अपने परिसर में कला, संस्कृति, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस और सतत उद्यमिता पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यशाला 6 से 8 मार्च तक होगी। रूट्स टू रेनैसां: झारखंड की जनजातीय विरासत, नवाचार और डिजिटल उद्यमिता का समन्वय शीर्षक से आयोजित यह कार्यक्रम प्रबंधन अध्ययन विभाग और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को झारखंड सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति निदेशालय का सहयोग प्राप्त है।

## कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** होला महल्ला को मुख रखते हुए होली के दिन गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में 4 मार्च को विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत सुबह 8 बजे हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार के कीर्तन से हुई। इसके बाद उन्होंने आजु हमारे गृह वसंत गुन गाए प्रभ तुमी अनंत... एवं थिर घर वैसहु हर जन पिआरे सतगुरु तुमरे काज सवारे... शबद गायन किया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह जी ने कथा वाचन कर होला महल्ला की परंपरा को संगत को विस्तार से बताया। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास हुकुम नामा और कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति



सुबह 9:30 बजे हुई। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का लंगर भी चलाया गया। मंच संचालन गुरु घर के सेवक मनीष मिड्ढा ने किया सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा ने साध संगत को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।
इस दौरान गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह ने कथा वाचन करते हुए होला महल्ला की परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1680 में किला आनंदगढ़ साहिब में इस पर्व की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य सिख समुदाय में वीरता, साहस और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करना था। उन्होंने कहा कि होली के रंग तभी सार्थक हैं जब जीवन में परमात्मा की भक्ति और सेवा का भाव भी हो। दीवान का समापन श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास और हुकुमनामा के साथ हुआ। इसके बाद संगत के बीच कढ़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। इस अवसर पर संगत के लिए चाय-नाश्ते का लंगर भी चलाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सेवा की।

## दधीचि दिवस पर शहीद संन्यासियों को दी श्रद्धांजलि

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। हेहल स्थित मधु मंजूषा आनंद मार्ग ध्यान मंदिर में गुरुवार को दधीचि दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, सामूहिक ध्यान और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद सन्यासियों को याद किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि यह दिवस आनंद मार्ग के मुख्यालय आनंद नगर, बागलता (पुरुलिया, पश्चिम बंगाल) में 5 मार्च 1967 को हुए हमले में शहीद हुए पांच सन्यासियों की स्मृति में मनाया जाता है। उस समय मुख्यालय के निर्माण कार्य को लेकर तत्कालीन बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के साथ विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसी



दौरान 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्ट कार्यकताओं और असामाजिक तत्वों ने आनंद नगर पर हमला कर दिया था। इस हमले में दादा अभेदानंद अवधूत, दादा सच्चिदानंद अवधूत तथा तीन ब्रह्मचारी दादा-भरत, प्रयास और अवध-की निर्मम हत्या कर दी गई थी, जबकि दो दर्जन से अधिक आनंदमार्गी घायल हो गए थे।
दधीचि दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम चार बजे से भजन-कीर्तन के साथ सामूहिक ध्यान में भाग लिया। इसके बाद शहीद दधीचियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान तात्विक रतन दादा ने 5 मार्च 1967 के हमले की आंखों देखी घटना का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि उस समय वे आनंद नगर प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत थे और उस दर्दनाक घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं। उनकी स्मृतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इस मौके पर विजय दादा, पंचू दादा, धनेश्वर दादा, चंदन दादा, धनंजय दादा, विजयवर्धन दादा सहित बड़ी संख्या में आनंदमार्गी और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने वन विजन, वन टाटा स्टील थीम के साथ मनाया 187वां संस्थापक दिवस

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपने दूरदर्शी संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के 187वें संस्थापक दिवस को टाटा स्टील वर्क्स, जमशेदपुर में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के समारोह की थीम ह्लवन विजन, वन टाटा स्टीलह्व थी। इस अवसर पर टाटा स्टील और टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेंद्रन सहित निदेशक मंडल के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने भी जमशेदपुर में आयोजित संस्थापक दिवस समारोह में शिरकत की। उनके साथ उनकी पत्नी आलू नोएल टाटा तथा पुत्रियां माया टाटा और लिया टाटा भी मौजूद थीं। टाटा स्टील और टाटा समूह की अन्य कंपनियों के विभिन्न डिवीजनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 42 कंटिंजेंट्स ने संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित औपचारिक परेड में भाग लिया। सिटिजन्स एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य, टाटा स्टील एवं समूह की कंपनियों के यूनियन प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होकर अपनी सम्मानपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

चेयरमैन एवं वरिष्ठ नेतृत्व ने जमशेदपुर के पोस्टल पार्क में सिटिजन्स फोरम के सदस्यों की उपस्थिति में संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह अवसर जमशेदजी नसरवानजी टाटा के आदर्शों पर स्थापित टाटा स्टील और शहर के बीच गहरे संबंधों को प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया और टाटा स्टील की विकास यात्रा, रणनीतिक प्राथमिकताओं और भविष्य की रूपरेखा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने सतत विकास और राष्ट्र निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। संस्थापक दिवस टाटा स्टील के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक गर्व और प्रेरणा का पावन अवसर है। यह दिन जमशेदजी नसरवानजी टाटा की अमिट विरासत, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण को नमन करने का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी संगठन की प्रगति की दिशा को निरंतर मार्गदर्शित करते हैं।

# लोहरदगा में साहित्य एवं फिल्म महोत्सव आज से, मिलेगा जनजातीय भोजन भी

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**लोहरदगा।** जिला प्रशासन की ओर से आयोजित दो दिवसीय साहित्य एवं फिल्म महोत्सव 6 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहा है। इस महोत्सव का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया जाएगा। फिल्म महोत्सव कुछ चुनिंदा फिल्में आगंतुकों को देखने को मिलेंगीं। इसमें नैरो गेज में रांची-लोहरदगा रूट पर चलने वाली रेलगाड़ी पर आधारित गाड़ी लोहरदगा मेल शामिल है।

साहित्य महोत्सव में प्रसिद्ध उपन्यासकार, स्टैंडअप कॉमेडियन, खिलाड़ियों, फिल्म निर्देशक, विचारक आदि भी अपने अनुभव साझा करेंगे। इसमें डार्क हाउस के लेकर नीलोत्पल मृणाल, जनजातीय कलाकार सुमंती कुमारी, उपन्यासकार रणेन्द्र, जनजातीय कलाकार बिज्जू टोप्पो मुंडा, गुंजल इकिर मुंडा, सीआर हेम्ब्रेन, सोशल कंट्रीब्यूटर सौरभ कुमार भुवानिया (आईएएस), कवि अनुज लुगुन, फिल्म निर्देशक निरंजन कुमार कुजूर, कवियित्री पार्वती तिर्की, लेखक महादेव टोप्पो, स्टैंड अप कॉमेडियन आशीष कुमार, फिल्मकार मेघनाथ जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्यों, एकल/सामूहिक गान, नाट्य मंचन का प्रदर्शन किया जाएगा। राइटिंग कंपीटिशन, क्विज आयोजित होंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ जिला अस्पताल से मेडिकल टीम भी तैनात होगी। लोग जनजातीय भोजन का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

## संक्षिप्त

### फरार आरोपी के खिलाफ अदालत ने जारी किया इश्तेहार



**गुवा।** चाईबासा स्थित एसडीजेएम (सदर) न्यायालय ने किरीबुरू थाना कांड संख्या 04/2024 के एक आरोपी के खिलाफ इश्तेहार जारी करते हुए उसे अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है। आरोपी के लगातार फरार रहने के कारण न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत यह कार्रवाई की है। न्यायालय के आदेश के अनुसार सूरज दास उर्फ सूरज पान (लगभग 35 वर्ष), पिता स्वर्गीय शर्मा पान, निवासी मेन मार्केट किरीबुरू, थाना किरीबुरू, जिला पश्चिम सिंहभूम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323 और 325 के तहत मामला दर्ज है। मामले में पहले आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था, लेकिन पुलिस उसे पकड़ने में सफल नहीं हो पाई। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर किरीबुरू पुलिस ने आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा कर उसे शीघ्र अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

### खरसावां के डेमकागोडा में 16वां वनाधिकार स्थापना दिवस मनाया गया

**खरसावां।** खरसावां प्रखण्ड अर्न्तगत सिलपिंगदा के डेमकागोडा गांव में आदिवासी परंपरानुसार 16 वाँ वनाधिकार स्थापना दिवस हर्सोल्लास के साथ मानाया गया। इस दौरान विभिन्न गांवो से पहुँचे वनाश्रितों ने गांव के पश्चिमी छोर से पारपंरिक रीति रिवाज व नृत्य के तहत जुलूस निकालकर पत्थरगाड़ी स्थल तक पहुँचे और विधि विधान से पूजा अर्चना कर वनाधिकार स्थापना दिवस मनाया। साथ ही पेड़- पौधे, पशु-पक्षी, वन, पहाड़, फल-फूल, जीविकोपार्जन व वन संरक्षण की रक्षा के लिए सामुहिक रूप से संकल्प लिया गया। ग्राम सभा ने वर्ष 2013 में ही पत्थरगाड़ी किया है, पत्थर को पवित्र माना गया है। क्योंकि आदिवासी समुदाय प्राकृतिक उपासक हैं। ग्रामीण मुंडा वोसेन मुंडा ने स्वयं पत्थर तथा पेड़-पौधों तथा फूलों का पूजा अर्चना किया। कुल 1213 .56 एकड़ वन भूमियों पर वनाधिकार प्रमाण-पत्र दिया गया है।

# गढ़वा : प्रभारी प्रधानाध्यापक सस्पेंड दो शिक्षकों की नौकरी पर संकट

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक सस्पेंड कर दिया है। दो शिक्षकों की नौकरी पर संकट में है। यह मामला गढ़वा जिले के मेराल अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोहबरिया का है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने अनुशासनहीन पर संज्ञान लेते हुए विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

वीडियो में पाया गया कि विद्यालय में आठवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में डीजे साउंड लगाकर अशोभनीय एवं अश्लील गीत बजाए गए।

विद्यालय की छात्राओं के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं कुछ शिक्षकों द्वारा नृत्य कि?या जा रहा है।यह कृत्य विद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक वातावरण और शिक्षक की मयार्दा के प्रतिकूल पाया गया है।

प्रथम द्दष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए झारखंड सरकारी सेवक नियमावली, 2016 के तहत प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, गढ़वा निर्धारित किया गया है।

साथ ही, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेर्शानुसार उन्हें निलंबन अवधि के दौरान मुख्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। विभागीय नियमों के अनुसार निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

इस प्रकरण में सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम पंडित एवं सुबेश्वर राम का आचरण भी विशेष रूप से अनुचित पाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इसे शिक्षक आचरण के विपरीत एवं गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। संबंधित प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए दो दिनों के भीतर कृत कार्रवाई प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसकी एक प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को भी प्रेषित करें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में अनुशासन, नैतिकता एवं शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता अथवा शिक्षक मयार्दा के विपरीत आचरण को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आग लगने से 5 लाख से अधिक का सामान जला



**देवघर।** जिले के देवीपुर प्रखंड कार्यालय क्षेत्र अंतर्गत गजराजपुर गांव में मंगलवार की देर रात एक घर में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह बिजली का शॉर्टसर्किट बतायी जा रही है। आग लगने से लगभग 5 लाख रुपये से अधिक का सामान सहित नकद 1 लाख रुपये भी जल गये। सूचना मिलते ही मौके पर देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा पहुंचे। अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची। आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। जानकारी मिलते ही मौके पर विधायक सुरेश पासवान भी पहुंचे। पीड़ित परिवार रमेश भंडारी से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। मौके पर विधायक ने देवीपुर बीडीओ व सीओ सहित संबंधित विभाग को पीड़ित परिवार की मदद करने का निर्देश दिया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश यादव, पूर्व पंचायत समिति अनिल यादव, मुखिया प्रतिनिधि महावीर मंडल, बुधन यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गुवा में महिलाओं ने जमकर खेली होली बच्चों और युवाओं में भी दिखा उत्साह



**गुवा।** रंगों का पर्व होली गुवा क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान गुवा के विभिन्न मोहल्लों और गांवों में महिलाओं ने एकजुट होकर जमकर होली खेली। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और पारंपरिक गीतों के साथ पर्व का आनंद लिया। होली के मौके पर बच्चों और युवकों की टोली भी जगह-जगह रंग और गुलाल के साथ मस्ती करती नजर आई। युवा ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए होली का जश्न मनाते दिखे। वहीं बच्चों ने पिचकारी और रंग-बिरंगे गुब्बारों से एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां साझा की। पूरे क्षेत्र में सुबह से ही होली का उल्लास देखने को मिला। लोग अपने घरों से निकलकर मित्रों और परिचितों के घर पहुंचे तथा अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान कई स्थानों पर सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। होली के इस पावन अवसर पर लोगों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए रंगों के इस त्योहार को हंसी-खुशी के साथ मनाया। पूरे गुवा क्षेत्र में दिनभर होली की धूम और उल्लास का माहौल बना रहा।

## कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी होली

**डकरा।** डकरा कोयलांचल क्षेत्र में रंगों का पर्व होली धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। बच्चों और युवाओं में होली को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बुधवार की सुबह से ही चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल की बारिश होती नजर आई। इस दौरान कोयलांचल की सड़कों पर युवाओं की टोलियां पारंपरिक अंदाज में कुर्ता फाड़ होली खेलते दिखीं। पहले लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर जमकर मस्ती की, इसके बाद टोली में शामिल युवाओं ने एक-दूसरे के शर्ट, टी-शर्ट और कुर्ते फाड़ते हुए ढोल-मंजीरे की थाप पर फगुआ गीतों के साथ नाच-गाकर होली का आनंद लिया। वहीं पिचकारी में रंग भरकर रास्ते से गुजरने वाले लोगों पर रंग की बौछार करते हुए होली है के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। होली के अवसर पर मटन, मुर्गा और मछली की दुकानों पर भी सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही।

# जैंतगढ़ का आतंक काविश राजा गिरफ्तार

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** जैंतगढ़ क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुका कविश राजा को जगन्नाथपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।कविश के विरूद्ध जगन्नाथपुर थाना में कांड संख्या 68/25 के तहत केस चल रहा था।उस पर जातिसूचक गाली देने और मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगे थे।लंबे समय से पुलिस को कविश की तलाश थी।वह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रह रहा था।गुरुवार दोपहर जगन्नाथपुर पुलिस ने जाल बिछा कर उसे गिरफ्तार किया।

**कौन है कविश राजा :** कविश राजा जैंतगढ़ निवासी हम्माद अलम का पुत्र है।वह चंपुआ में कपड़ा बाजार,जैंतगढ़ में स्टाइल बाजार के साथ कपड़े का होल सेल का धंधा करता है।स्थानीय लोगों के अनुसार कविश राजा बड़ा व्यवसाई होने के साथ हमेशा विवाद में रहा है। स्थानीय लोगों पर अपनी हनक दिखाना उसकी फितरत थी।उसके विरूद्ध प्रशाशन के पास ग्रामीणों द्वारा कई बार आवेदन भी दिए गए थे। आज ही उसने अपने विरुद्ध कांड संख्या 85/25 के गवाह अमर गिरी के ऊपर जान लेवा हमला करवाया।अमर का माथा फाड़ दिया गया।इस संदर्भ में गवाह पर जान लेवा गमले की एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।उसके बाद पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लिया और खदेड़ कर जैंत गढ़ के तथाकथित डाउन को गिरफ्तार कर ले गई।

**महाकाल ग्रुप से तार जुड़े होने की संभावना :** चंपुआ थाना क्षेत्र सहित ओडिसा झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र का कुख्यात अपराध कर्मी विश्वजीत गिरी उर्फ गणेश गिरी की महाकाल ग्रुप से भी कविश राजा के तार जुड़े होने की संभावना है।विदित हो कि अपनी हनक दिखाने के लिए कविश राजा ने महाकाल ग्रुप के साथ दर्जनों छोटे वाहनों में जैंतगढ़ में काफिला निकाल कर आतंक मचाया था।

# सरायकेला नप अध्यक्ष ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया होली का त्योहार

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**सरायकेला।** सरायकेला के वृद्धाश्रम में प्रत्येक त्योहार में सरायकेला नप के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ त्योहार मनाते हुए कुछ समय बात चीत कर उन्हें उपहार भी देते रहे हैं। इस वर्ष भी होली के अवसर पर सरायकेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष नगर होली के पावन अवसर पर वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों के साथ होली का त्योहार मनाया। वे अपने पत्नी और बच्चों के साथ वृद्ध आश्रम पहुंचे और वृद्ध जनों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। उनका संग पाकर वृदजनों के चेहरे खुशी से चमक उठे मनोज चौधरी को अपने बीच पाकर वृद्धजन काफी खुश हुए। उन्होंने मनोज चौधरी को अपना आशीर्वाद दिया और उनकी जीत की बधाई दी। वृद्धजनों ने एक स्वर में कहा कि मनोज चौधरी और तरक्की करें और समाज की सेवा में हमेशा आगे रहें। मनोज चौधरी ने वृद्धजनों को मिठाई, शीतल पेय और बिस्कुट भी भेंट किए। उन्होंने वृद्धजनों के साथ बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

# वन विभाग की कार्रवाई, छुपाकर रखी लकड़ी के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** वन विभाग ने कार्रवाई कर छुपाकर रखे गए लकड़ी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब रहा।

शेरंगदाग थाना क्षेत्र के मन्हेपाठ जंगल से लकड़ी काट जंगलों में छुपा कर रखे गए थे। इसे जंगल से लाने के दौरान वन विभाग की टीम ने एक तस्कर को बाईक के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। वहीं, एक तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

प्रभारी वनपाल विक्की कुमार मेहता को इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी। उस आधार पर छापेमारी दल का गठन किया। इसके बाद आरोपी वसीम अकरम (पिता-स्व शाहिद मीर, ग्राम चरहु) को मन्हेपाठ के जंगल से बाइक समेत साल लकड़ी के छह बोटा के साथ गिरफ्तार किया। उसके साथ तेतार खान भी था, जो अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहा। प्रभारी वनपाल ने बताया कि चरहु के कुछ लोगों का मुख्य पेशा जंगलों से लकड़ी काटना और उसे बेचना बन गया है। इसकी रोकथाम की कार्रवाई लगातार विभाग द्वारा जारी रहेगा। प्रभारी वनपाल ने बताया कि गिरोह के लोग मौका पाकर चरहु के मोजाहिद खान के यहां लकड़ी पहुचाते थे। फिर उसे जिले के विभिन्न क्षेत्रो में सप्लाई करते थे। उधर, तस्कर के परिजन इमरान ने आरोप लगाया कि वनपालों ने पिटाई कर वसीम का हाथ तोड़ दिया है। उसके पास से कुछ भी बरामद नहीं किया गया है।

हालांकि वसीम ने कहा कि वह भागने के क्रम में गिर गया था। उसका हाथ एक साल पूर्व से ही चोटिल है। वनपाल विक्की मेहता ने बताया कि फॉरेस्ट विभाग द्वारा वसीम का मेडिकल जांच और एक्सरे भी कराया गया। इसके बाद मामला दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल विक्की कुमार मेहता, सुमित लकड़ा, रमेश भगत, प्रवीण भगत, अवधेश महतो, अनुप सहदेव, रवि विमल मिंज आदि मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षद का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि




**चाईबासा।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एवं आजीवन ट्रस्टी नितिन प्रकाश के चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने तथा चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य विकास शर्मा के वार्ड पार्षद के रूप में निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

समारोह को संबोधित करते हुए चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल ने कहा कि यह चाईबासा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि चैंबर परिवार से जुड़ा एक समर्पित और सक्रिय सदस्य आज चाईबासा नगर का प्रथम नागरिक बना है। उन्होंने कहा कि श्री नितिन प्रकाश हमेशा से ही चैंबर के हितों और शहर के विकास के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नितिन प्रकाश ने चैंबर के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी नगरहित में वर्षों से सक्रिय योगदान देते आ रहे हैं। ऐसे समर्पित और अनुभवी नेतृत्व के कारण उन्हें पूर्ण विश्वास है कि *नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में नितिन प्रकाश चाईबासा शहर के विकास को एक नई दिशा और आयाम देंगे।

चैंबर के अध्यक्ष संजय चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें नितिन प्रकाश के साथ निकटता से कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि जब नितिन प्रकाश चैंबर के अध्यक्ष थे, उस समय वे स्वयं चैंबर के सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नितिन प्रकाश एक कर्मठ, दूरदर्शी और सकारात्मक सोच वाले व्यक्तित्व के धनी हैं। उनकी कार्यशैली हमेशा प्रेरणादायक रही है और उन्हें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में चाईबासा नगर परिषद शहर के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेगी।इस अवसर पर अपने संबोधन में नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने चाईबासा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जाटा हाटिंग बस्ती में धूमधाम से खेली गई होली, मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** गुवा के जाटा हाटिंग बस्ती में गुरुवार को भी होली का उत्साह देखते ही बना। बस्ती की महिलाओं, युवकों और बच्चों की टोली ने एकजुट होकर जमकर होली खेली। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए रंगों के इस पर्व का आनंद उठाया। पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। होली के इस अवसर पर जाटा हाटिंग कमेटी की ओर से मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बस्ती के युवकों की कई टोलियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मटका फोड़ने के लिए युवकों ने मानव पिरामिड बनाकर प्रयास किया, जिसे देखने के लिए आसपास के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। काफी प्रयास और उत्साह के बाद युवकों की एक टोली ने मटका फोड़कर प्रतियोगिता में सफलता हासिल की। मटका फूटते ही वहां मौजूद लोगों ने तालियों और खुशी के नारों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बस्ती के बुजुर्गों और कमेटी के सदस्यों ने भी लोगों को होली की बधाई दी और आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और पारंपरिक संस्कृति की झलक साफ देखने को मिली। इस आयोजन ने बस्ती के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी एकता और भाईचारे को और मजबूत करने का काम किया।

# सिगरेट न मिलने पर सुलगा विवाद, किराना दुकान में लगा दी आग

**लाखों की संपत्ति जलकर खाक**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पलामू (मेदिनीनगर)।** झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव के निराला टोला में एक चैंकाने वाली घटना घटी। यहां कुछ युवकों ने सिगरेट न मिलने पर एक किराना दुकान में आग लगा दी। इस आगजनी में दुकान में रखा सामान, शादी के लिए खरीदा गया सामान और नगद सहित लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर चार युवकों पर आगजनी का आरोप लगाया है।

**सिगरेट मांगने पर हुआ विवाद :** राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार देर रात करीब चार युवक सिगरेट लेने के लिए उनकी दुकान पर आए। उस समय दुकान बंद थी और शटर गिरा हुआ था। युवक शटर को जोर-जोर से पीटने लगे, जिससे दुकानदार बाहर निकले। बाहर आने पर बगल के टोले के रितिक सिंह, छोटू सिंह और उनके साथ आए अन्य युवकों ने सिगरेट की मांग की। जब उन्हें बताया गया कि दुकान में सिगरेट खत्म हो चुकी है, तो उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की कोशिश करते हुए दुकानदार का कॉलर पकड़ लिया।

**धमकी देने के बाद लगी आग :** दुकानदार ने बताया कि सिगरेट नहीं मिलने पर युवक नाराज होकर धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ ही देर बाद दुकान से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। स्थानीय लोग भी मदद के लिए पहुंचे और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था।

**शादी के सामान और नकदी भी जलकर नष्ट :** राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके भाई छोटू कुमार गुप्ता की शादी 11 मार्च को होनी है और शादी के लिए पहले से करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान दुकान में रखा गया था। इसके अलावा 80 हजार रुपये नकद भी दुकान में थे, जो आग में जलकर नष्ट हो गए। कुल मिलाकर किराना और अन्य सामान सहित लगभग 10 लाख रुपये की संपत्ति इस आगजनी में नष्ट हो गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद राजेश कुमार गुप्ता ने सदर थाना में आवेदन देकर आरोपित युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसी घटना न हो।

# नवनिर्मित मंदिर में श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पलामू (मेदिनीनगर)।** बड़कागांव के मलय, अमानत व कुन्दरह के संगम तट पर भगवान भोलेनाथ का मनमोहक मंदिर बनकर तैयार हो गया। इसके साथ ही श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समिति बड़कागांव के तत्वावधान में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आरंभ हो गया है। यज्ञ के पहले दिन गांव भ्रमण करते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसका शुभारंभ नवोदित लोकप्रिय नेत्री व पूर्व मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने किया। कलश यात्रा में रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी, पूर्व मुखिया बिनय कुमार त्रिपाठी, बृजदेव शुक्ला, उपेंद्र नाथ तिवारी, जीवन चौबे, रतन पाण्डेय, प्रेम चौबे,विजय चौबे, मनोज त्रिपाठी, रामरेखा साव, मनोज झा,फुलेश्वर ठाकुर,सत्यवान पाण्डेय,तरूण चौबे, वशिष्ठ तिवारी,निरंजन चौबे, नंदकिशोर तिवारी,धनपत चौबे, सुभाष चौबे,धर्मेंद्र तिवारी व नंदू चौबे सहित दो हजार से अधिक स्त्री-पुरूष श्रद्धालुओं ने लगन व उत्साह के साथ भाग लिया। पूरा इलाका शहर हर महादेवश के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दूसरे दिन पंचाग पूजन व जलाधिवास का आयोजन होगा। तीसरे दिन अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास व नगर भ्रमण कार्यक्रम होगा। वहीं 8 मार्च रविवार को चैथे दिन प्रतिष्ठा पूजन,षोडशोपचार पूजन,पूणार्हुति व महाभंडारा का आयोजन होगा। समिति ने समुचित व्यवस्था करते हुए समस्त अनुष्ठान में श्रद्धालुओं को भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित किया है।

## संक्षिप्त

### कोयल नदी से युवती का शव बरामद, हत्या कर नदी में फेंकने की आशंका

**पलामू (विश्रामपुर)।** रेहला थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे गुरुवार को एक युवती का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रेहला खुर्द के दीक्षित मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र दीक्षित की 16 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार होली के दिन बुधवार की शाम प्रिया कुमारी घर से निकली थी। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने कोयल नदी किनारे एक युवती का शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही रेहला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। परिजनों का आरोप है कि प्रिया की गला दबाकर हत्या की गई है और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस फिलहाल हत्या की पुष्टि नहीं कर रही है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।


### नेतरहाट में इको सेंसिटिव जोन पर पंचायत बैठक

**लातेहार।** नेतरहाट में इको सेंसिटिव जोन से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नेतरहाट मुखिया राम बिशुन नागेसिया ने की, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक में हाल ही में प्रकाशित उस समाचार पर चर्चा की गई, जिसमें नोटिस के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने और नियमों की अनदेखी की बात कही गई थी। ग्रामीणों को बताया गया कि प्रशासन द्वारा की जा रही जांच और कार्रवाई पूरी तरह तथ्यों और कानूनी प्रावधानों के आधार पर हो रही है। इस दौरान विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ द्वारा नेतरहाट इको सेंसिटिव जोन में चल रही जांच प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

# आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में कचरे के ढेर में धधकती आग, जहरीले धुएं से लोगों का जीना हुआ मुश्किल

## 15 दिनों से कचरे में सुलग रहा आग, प्रदूषण से कामगार और स्थानीय लोग परेशान

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**सरायकेला।** आदित्यपुर के इंडस्ट्रियल एरिया में कचरे के ढेर में लगी आग अब गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। पिछले कई दिनों से सुलग रही इस आग से निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास के रिहायशी इलाकों और फैक्ट्रियों तक फैल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और कामगारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धुएं के कारण लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और सिरदर्द जैसी स्वास्थ्य समस्याएं होने लगी हैं। फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर भी धुएं से परेशान होकर काम छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे औद्योगिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है।

इस मामले में नगर निगम की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर निगम का कहना है कि आग इंडस्ट्रियल वेस्ट के कारण लगी है और उसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर उक्त भूखंड पर औद्योगिक कचरे का डंपिंग कैसे हो रहा था और आग लगने की वजह क्या है।

दूसरी ओर, आयडा की ओर से जमीन पर ताला लगाकर कचरा डंपिंग रोकने की बात कही गई है। लेकिन इसके बावजूद पिछले करीब पंद्रह दिनों से जल रही आग और अधिक भड़क चुकी है और उसका धुआं पूरे इलाके में फैल रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर आग पर काबू पाने, कचरा डंपिंग पर पूरी तरह रोक लगाने और जिम्मेदार विभागों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या बड़े पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है।

# चैनपुर में युगेश सिंह हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू (मेदिनीनगर)।** चैनपुर थाना क्षेत्र में युवक युगेश सिंह की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 28 फरवरी को सामने आई थी, जब चेड़ाबार गांव के पास कोयल नदी किनारे झाड़ियों से एक शव बरामद हुआ था। बाद में शव की पहचान नावाबाजार थाना क्षेत्र के करचा गांव निवासी युगेश सिंह के रूप में हुई। मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सदर राजीव रंजन के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी शिवपुजन सिंह उर्फ शिव कुमार सिंह और जय प्रकाश सिंह उर्फ हुड़िया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 27 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे चेड़ाबार गांव में बेल के पेड़ के पास बैठकर शराब पीने के दौरान पैसे को लेकर युगेश सिंह से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों आरोपियों ने युगेश सिंह को कोयल नदी के पास ले जाकर लोहे के पंच से मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को नदी किनारे झाड़ियों में छिपा दिया गया।

# शराब के पैसे के लिए ससुराल में हुई थी दामाद की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पलामू (मेदिनीनगर)।** शराब के लिए पैसे की मांग को लेकर हुए विवाद में ससुराल में दामाद की हत्या हुई थी। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के चेडाबार में 28 फरवरी को युगेश सिंह नामक युवक की हत्या हुई थी। युगेश सिंह पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था और उसका ससुराल चेडाबार में था। युगेश का शव कोयल नदी के किनारे झाड़ी से बरामद हुआ था। मामले में मृतक की पत्नी ने चैनपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पलामू पुलिस ने तफ्तीश के बाद युगेश हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शिवपूजन सिंह और जयप्रकाश सिंह चेडाबार के रहने वाले हैं। इसकी पुष्टि पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने की है। एसपी ने बताया कि शराब के लिए पैसे के विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। मृतक के सिर पर फाइटर से वार किया गया था और गला दबाया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के दिन युगेश शराब के नशे में धुत बैठा हुआ था। इसी क्रम में दोनों आरोपी मौके पर पहुंचे थे और शराब के लिए युगेश से पैसे की मांग की थी। इसी दौरान दोनों पक्ष के बीच विवाद बढ़ा और युगेश की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड के उद्भेदन में इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, सब इंस्पेक्टर बाबूलाल दुबे, छत्रधारी कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

# पलामू में जमीन विवाद में बुजुर्ग की टांगी से काटकर हत्या, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पलामू (हुसैनाबाद)।** जिला थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी में 70 वर्षीय बुजुर्ग विश्वनाथ रजवार की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में एक 16 वर्ष के नाबालिग को निरुद्ध किया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। दरअसल, पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी के रहने वाले विश्वनाथ रजवार का अपने गोतिया कपिल रजवार के साथ लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। होली के दिन शराब के नशे में कपिल रजवार और विश्वनाथ रजवार के बीच बहस हुई थी। इसी क्रम में विश्वनाथ रजवार की टांगी से काटकर हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हुसैनाबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। मामले में मृतक के परिजनों ने विश्वनाथ रजवार और उनके बेटों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच के बाद हत्या के आरोपी कपिल रजवार और उसके बेटे आनंद रजवार को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जमीन के विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। हत्या के दो आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि लंबे समय से दोनों के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। उधर, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी के इलाके में सोन नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है। शव बालू के नीचे ढका था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### समाजसेवी शंभू नाथ दूबे का निधन

**पलामू (मेदिनीनगर)।** बरिगांवा निवासी तथा वर्तमान में रेड़मा में रह रहे शंभू नाथ दूबे का आज दोपहर उनके रेड़मा स्थित आवास पर निधन हो गया ।उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई ।समाज के प्रति समर्पित और जागरूक भूमिका निभाने वाले शंभू नाथ दूबे अपने सादगीपूर्ण स्वभाव और सामाजिक सरोकारों के कारण लोगों के बीच बेहद सम्मानित थे। श्री दूबे उन व्यक्तित्वों में शामिल थे जो हमेशा समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने के लिए जाने जाते थे ।किसी भी सामाजिक कार्य,पारिवारिक आयोजन या जरूरतमंद की सहायता की बात हो वे हमेशा आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाते थे ।उनके मिलनसार स्वभाव और सहज व्यवहार के कारण समाज के हर वर्ग के लोग उनसे गहरा जुड़ाव महसूस करते थे। उनके परिवार में दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र पंकज दुबे शिक्षक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि दूसरे पुत्र विक्की आनंद मद्रास में रेलवे ऑडिट सेक्शन में कार्यरत हैं।



### जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा : कांग्रेस

रांची। प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने की चर्चा भाजपा की एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। यह पूरी तरह से सत्ता हथियाने और अपने राजनीतिक हित साधने की कोशिश है। पार्टी के प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार की जनता ने जिस विश्वास के साथ सरकार को जनादेश दिया था, आज उसी जनादेश को राजनीतिक प्रयोगशाला बना दिया गया है। भाजपा पर्दे के पीछे से पूरी राजनीति को नियंत्रित कर रही है और लोकतंत्र की मयार्दाओं को कमजोर कर रही है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि भाजपा की राजनीति हमेशा से जोड़-तोड़, सत्ता के लिए समझौते और जनभावनाओं को नजरअंदाज करने की रही है। मुख्यमंत्री के पद को भी अब राजनीतिक सौदेबाजी का माध्यम बना दिया गया है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि बिहार की जागरूक जनता सब देख रही है। सत्ता की कुर्सी के लिए किए जा रहे इस तरह के राजनीतिक प्रयोग का जवाब जनता आने वाले समय में जरूर देगी। मुंजनी ने कहा कि देश और राज्य की राजनीति को स्थिरता, विकास और जनहित के मुद्दों पर चलना चाहिए, लेकिन भाजपा लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनादेश को कमजोर करने का काम कर रही है।

### रांची नगर निगम की जांच में कई भवनों के निर्माण में नियमों का उल्लंघन

रांची। नगर निगम ने अवैध भवन और अतिक्रमण पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसके लिए शहर में गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर भवन और अतिक्रमण पर सघन जांच की गई। इस दौरान रांची नगर निगम की डीआरएमटी (डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम) की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों मेन रोड, एचबी रोड एवं सर्कुलर रोड पर स्थित विभिन्न व्यावसायिक और आवासीय भवनों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। नगर निगम की ओर से भवन निर्माण स्वीकृत नक्शा, निर्धारित नियमों और भवन उपविधियों के अनुरूप हों। किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, अतिक्रमण अथवा भवन नियमों के उल्लंघन पर अब सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। जांच अभियान में स्वीकृत भवन प्लान, गिफ्ट डीड के अंतर्गत भूमि पर अवैध कब्जा या अतिक्रमण, सेटबैक एरिया का उल्लंघन सहित अन्य निर्माण संबंधी विसंगतियों की गहन जांच की जा रही है, ताकि शहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियम आधारित शहरी विकास सुनिश्चित किया जा सके। जांच के दौरान इन भवनों में कई प्रकार की निर्माण संबंधी विसंगतियां और नियमों के संभावित उल्लंघन सामने आए हैं। नगर निगम की टीम की ओर से संबंधित भवन मालिकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने भवन से संबंधित सभी दस्तावेज सक्षम प्राधिकार के समक्ष तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करें, ताकि उनकी विधिवत जांच की जा सके। निर्धारित समयावधि के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने या जांच में नियमों के उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में संबंधित भवनों के विरुद्ध झारखंड भवन उपविधि, 2016 और अन्य लागू विधिक प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण संपन्न

**शास्त्री चौक में हिंदू महासभा की ओर से मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन, सोहरपाठ की टीम बनी विजेता**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में रंगों का पर्व होली इस वर्ष भी आपसी एकता, भाईचारे और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। होली के अवसर पर लोगों ने जाति-धर्म के भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए पर्व का आनंद लिया। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण बनाने के लिए एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में गश्त करते नजर आए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को स्थानीय शास्त्री चौक में हिंदू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा और थाना प्रभारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र की कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें चुटिया, लुरगुमी, सरनाडीह, सोहर, चापीपाठ, नगर प्रतापपुर, उदालखांड, ओरसापाठ, बेलवार, ओरसा, औरापाठ तथा महुआडांड़ गांव के युवाओं की टीम शामिल थी। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राम सोहरपाठ के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को हिंदू महासभा की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप खस्सी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों और बेस्ट डांस करने वाले युवाओं को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में आगंतुक अतिथियों का हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल द्वारा शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ होली पर्व कई स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू (विश्रामपुर)।** नगर परिषद मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल और रंग लगाकर होली की बधाई देते नजर आए। शहर से लेकर गांवों तक चौक-चौराहे, गली-मोहल्ले और सड़कें रंगों से सराबोर दिखीं। बच्चों ने जहां मोहल्लों और चौक-चौराहों पर जमकर रंग-गुलाल उड़ाया, वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए होली का उत्सव मनाया। महिलाएं और बुजुर्ग भी इस पर्व में पीछे नहीं रहे और सभी ने मिलजुल कर एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां साझा कीं। कई घरों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में होली के पारंपरिक गीतों की गूंज पूरे दिन सुनाई देती रही। कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां भोजपुरी के प्रसिद्ध व्यास और स्थानीय कलाकारों ने होली गीत प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। गीत-संगीत की धुन पर लोग देर तक झूमते नजर आए। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे तथा रेहला थाना प्रभारी गुलशन विरुआ पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करते रहे। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और लोगों के आपसी सहयोग के कारण पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दिया।

## संपादकीय

### बच्चों को संवेदनशील बनायें

**देश** में इन दिनों बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है और जल्द ही अन्य सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं रह गया है, बल्कि यह छात्रों के लिए मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का समय बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ दिखाई देती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि माता-पिता, समाज और प्रतिस्पर्धा से जुड़ी अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की भी है। दुर्भाग्य से कई बार यह दबाव इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप भी ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े इस संकट की गंभीरता को उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के बिखरने की त्रासदी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव जैसे कारण प्रमुख रूप से सामने आते हैं। हाल ही में लखनऊ में सामने आई घटना ने इस संकट को और भी भयावह बना दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा के दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि यह परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवाद की कमी और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का आईना भी है। एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। इसी तनावपूर्ण माहौल में पिता-पुत्र के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध को छिपाने के लिए जो कदम उठाए, वे केवल एक अपराध की कहानी नहीं, बल्कि भीतर लंबे समय से पनप रहे आक्रोश, कुंठा और मानसिक विघटन का संकेत देते हैं। यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। आखिर एक बेटे के मन में इतनी नफरत कैसे पैदा हो सकती है? क्या कुछ बनने का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तोड़ दे? हर माता-पिता की स्वाभाविक इच्छा होती है कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए और समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह इच्छा संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव में बदल जाती है, तो वह प्रेरणा नहीं बल्कि मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। ऐसे माहौल में शिक्षा जीवन निर्माण का माध्यम बनने के बजाय तनाव और संघर्ष का कारण बन जाती है।

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

**ललित गर्ग**

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन



> *शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है–पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।*

रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में संस्थागत अध्ययन का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे।

शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# सोच का चक्रव्यूह : क्या हम सिर्फ अतीत का दोहराव जी रहे हैं?

समय एक-सा नहीं रहता। बदलता रहता है। मान्यता है कि समय की स्लेट पर इतिहास लिखे जाते हैं। जीवन में लिखे का बड़ा महत्त्व होता है, क्योंकि लिखे को बदलना आसान नहीं होता। ऐसा कहा जाता है कि इतिहास अपने आपको दोहराता है। समय के चक्र में दोहराव चलता रहता है। यही दोहराव जब बार-बार होने लगे, तब नया रुक जाता है। नए की आवक अवरुद्ध हो जाती है और नए को नया मानना बेहद कठिन हो जाता है। हमारे चारों ओर जो कुछ भी है, इसके विस्तार में जाएं, तो वह सब पुराना है। चिंतकों का तर्क है कि हम जो भी देख रहे हैं, सुन रहे हैं या बोल रहे हैं, वह सब पुराना है। नया कुछ भी नहीं। यहां तक कि व्यक्ति की सोच भी नई नहीं है। दरअसल, नई सोच का आना लगभग असंभव हो गया है। व्यक्ति जो भी सोच रहा होता है, वह महज दोहराव रह गया है। इसे यों भी कहा जा सकता है कि व्यक्ति की कुल सोच में दोहराव की मात्रा सबसे अधिक होती है। व्यक्ति बार-बार वही सोचता है जो उसने पूर्व में सुना या देखा होता है। बचपन से लेकर आज तक जो सीखा या सिखाया जाता है, उसी का दोहराव अंदर चलता रहता है। उठते-बैठते, सोते-जागते मन में विचारों के दोहराव का क्रमचय-संचय चलता रहता है। इनमें से कुछ विचारों के संचय को नई सोच का निर्धारण मान लिया जाता है। फिर सवाल उठता है कि व्यक्ति के शैशव काल में जो सिखाया जाता है वह तो नया ही होता है! सच यह है कि बच्चों को सिखाने वाला भी वही सिखाता है, जो उसने पूर्व में सीखा हुआ होता है। धरती की उत्पत्ति के बाद से सोच का करोड़ों-करोड़ों बार दोहराव होता आया है। होता रहेगा। सोच और विचारों की पुनरुक्ति चाहे-अनचाहे होती रहती है।

इसलिए आज के समय की विडंबना है कि नयापन रुक गया है। पुनरुक्ति से नयापन लगभग समाप्त हो रहा है। दृश्य और श्रव्य के इलेक्ट्रानिक साधन ये काम बखूबी कर रहे हैं। सोशल मीडिया दोहराव के मंच हैं।



इसलिए दोहराव आसान है और नई सोच का निर्माण कठिन। जो दोहराव से बच गया, वह अमर हो सकता है। दुनिया में ऐसे लोग विरले हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि जो हम सोच रहे होते हैं, वही दूर बैठा हमारा साथी भी सोच रहा होता है। जब हम यह बात अपने साथी को बताते हैं, तब वह आश्चर्य में पड़ जाता है। बोलता है कि वह भी तो वही सोच रहा था!

ऐसे मामले हमारी दिनचर्या के हिस्से हैं। ऐसे मामलों में और गहराई से विचार किया जाए, तब कोई और भी कह सकता है कि ऐसा तो वह पहले ही सोच चुका है। दरअसल, यह दायरे में सोच और दोहराव का परिणाम है। आज यह अधिक हो रहा है। सोचने वालों की संख्या बढ़ गई है इसलिए दोहराव भी कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। विज्ञान मानता है कि आधुनिक विमानों का आविष्कार नई सोच के परिणाम हैं। आगे भी परिष्कृत निर्माण होते रहेंगे। विमान पायलट रहित हो जाएं इसकी प्रबल संभावना है। जैसे अंतरिक्ष यान पूरी तरह स्वचालित हैं। पौराणिक उल्लेख इस सोच के बरक्स दोहराव की दलील को मजबूत करते हैं। 'रामायणइ में रावण के पुष्पक विमान का उल्लेख है। इसे क्या कहेंगे? पुष्पक विमान न केवल आसमान की ऊंचाइयों में उड़ता था, बल्कि व्यक्ति की सोच से उड़ता था। सबसे नई तकनीक से लैस आधुनिक टीवी का आविष्कार भी विज्ञान की नई सोच का सिर्फ उदाहरण है। महाभारत में युद्ध का आंखों देखा हाल सुनाए जाने का प्रसंग क्या था? इसे कल्पना और यथार्थ या फिर कल्पना से यथार्थ के सफर के तौर पर देखा जा सकता है। इंटरनेट पर एक वेबसाइट पर हिंदी सहित तमाम दुनिया के संगीत पर पड़ताल जारी है। यहां यह जानकर अचंभित हो जाना पड़ता है कि जिन खूबसूरत फिल्मी गीतों को हम धरोहर मानते हैं, जिनकी मिठास हमें झंकृत कर जाती है और जिन गीतों को सुनकर हमें गर्व होता है, उनका संगीत दोहराव का परिणाम है। न केवल यह, बल्कि यह भी कि जिस संगीत को हम दोहराव मान रहे हैं, वह भी दोहराव का परिणाम है। फिर सवाल उठता है कि संगीत का मूल स्रोत कहां है? यह पड़ताल और भी गहराई में उतर सकती है। संगीत की किसी धुन की मौलिकता पर प्रश्न नहीं है, लेकिन दोहराव का प्रश्न कैसे उत्पन्न हुआ? क्या यह क्रमशः विस्तार है? हाल ही में मोहनजोदाड़ो और हड़प्पा सभ्यता पर एक ताजा शोध पत्र जारी हुआ। शोध में यह जानने की कोशिश की गई है कि लगभग दस हजार साल पुरानी दुनिया की सबसे विकसित सभ्यता समाप्त कैसे हुई। कहां गए वे लोग, जिन्होंने इस विकसित सभ्यता का निर्माण किया? इस सभ्यता के अवशेष बताते हैं कि यहां अति-विकसित बहुमंजिला इमारतें हुआ करती थीं। मल निस्तारण के लिए फ्लश शौचालय बनाए जाते थे। सीवर लाइनें थीं। इस तरह से आज की अधुनातन ऊंची इमारतें, विकसित कालोनियां और फ्लश शौचालय उस सभ्यता का दोहराव मात्र नहीं हैं? फिर सवाल उठता है कि सर्वथा नया कहां है? पुराने से मुक्ति का मार्ग क्या है? क्या दोहराव से बचा जा सकता है? सोच के दोहराव से बचने के लिए सोच को रोकना होगा। सोच के निर्वात में जो विचार पैदा होगा क्या वह नया होगा? क्या यह संभव है?

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**6 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.18 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.58 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.03 ब.से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | धनु | 01.19 बजे से |
| | | मकर | 03.24 बजे से |
| | | कुंभ | 05.11 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 65 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 17.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 09.30 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 07.06 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 17.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872640
**जूलियन दिन** 2461105.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 16
**विशेष** भालचन्द्र संकष्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8791



**बाएँ से दाएँ**

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

**शब्द पहेली -8790 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | म | रा | य | | सा | व | धा | न |
| रा | | ह | म | स | फ | र | | फ |
| ध | न | | | ली | | | का | र |
| ना | क | | ना | का | रा | | न | त |
| | ब | हा | र | | श | र | भ | |
| खो | ज | | द | ह | न | | र | म |
| फ | न | | | र | | | ना | न |
| ना | | स | र | फ | रो | श | | च |
| क | र | त | ब | | ना | मा | व | ली |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7725** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7724 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## इन फिल्मों में नजर आएंगे

# रश्मिका-विजय

**रश्मिका** मंदाना और विजय देवरकोंडा, जिन्हें फैंस प्यार से 'विरोश' कहते हैं, दोनों जल्द ही कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। ये दोनों स्टार्स हाल ही में शादी कर चुके हैं और अब स्क्रीन पर भी साथ दिखेंगे।

फिलहाल 'विरोश' की जोड़ी को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उनकी केमिस्ट्री 'गीता गोविंदम' और 'डियर कमरेड' जैसी फिल्मों में पहले ही बहुत पसंद की गई है। अब शादी के बाद दोनों कई फिल्मों में नजर आएंगे। वहीं एक खास फिल्म में दोनों साथ नजर आने वाले हैं। इन सभी फिल्मों में आपको रोमांस के साथ जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा।



### 'कॉकटेल 2'

'कॉकटेल 2', 2012 की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। इसका निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म मॉडर्न रिलेशनशिप पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म इस साल 2026 में रिलीज हो सकती है।

### 'पुष्पा 3'

'पुष्पा 3: द रैम्पेज' का निर्देशन सुकुमार करेंगे। यह फिल्म 2028 में रिलीज हो सकती है। फिल्म में अल्लू अर्जुन एक बार फिर से पुष्पराज के रूप में नजर आएंगे। इसमें पुष्पा का अब तक का सबसे उग्र रूप दिखाया जा सकता है, जो पिछली किश्तों के बाद उनके साम्राज्य के पुनरुत्थान पर केंद्रित होगा। इस फिल्म में अल्लू के साथ मुख्य भूमिका श्रीवल्ली के किरदार में रश्मिका मंदाना नजर आएंगी।

### 'एनिमल पार्क'

'एनिमल पार्क' सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है। रणबीर कपूर स्टारर इस फिल्म की शूटिंग 2027 के बीच में शुरू हो सकती है। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में रणबीर कपूर डबल रोल (रणविजय और विलेन अजीज) में नजर आएंगे। उम्मीद है कि इस फिल्म में पहले से ज्यादा एक्शन देखने को मिलेगा। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका गीतांजलि के रोल में नजर आएंगी।

### 'रणबाली'

निर्देशन राहुल सांकृत्यान की फिल्म 'रणबाली' का पोस्टर हाल ही में जारी किया गया था। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साथ नजर आएंगे। शादी के बाद यह विजय और रश्मिका की पहली फिल्म होगी, जिसमें वह साथ रोमांस करते नजर आएंगे। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में विजय 'रणबाली' के किरदार में हैं और रश्मिका मंदाना 'जयम्मा' का रोल निभाएंगी। इस फिल्म में खलनायक का किरदार हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू निभा रहे हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी।

### 'राउडी जनार्धना'

फिल्म 'राउडी जनार्धना' में विजय देवरकोंडा एक पावरफुल रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में विजय के साथ कीर्ति सुरेश नजर आएंगी। यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को जाने-माने निर्माता दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म का संगीत क्रिस्टो जेवियर ने तैयार किया है।



# 'छेलेधोरा' में स्वास्तिका मुखर्जी का दमदार किरदार

## मुश्किल हालातों में ताकत खोजने की कहानी

**भारतीय** सिनेमा में महिलाओं के जटिल किरदारों को लेकर दिखाई गई फिल्मों में अब दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में एक नई बंगाली फिल्म 'छेलेधोरा' चर्चा में है, जो मां-बेटी के रिश्ते, अपराधबोध, और आत्म-खोज जैसी भावनाओं पर केंद्रित है। यह फिल्म एक इंडो-अमेरिकन प्रोडक्शन है और 1 मार्च से इसकी शूटिंग शुरू होने जा रही है। इस फिल्म में जानी-मानी अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया। फिल्म में स्वास्तिका 'बृष्टि' नाम की एक तलाकशुदा महिला का किरदार निभा रही हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी जटिल है और उसमें कई कमियां हैं। स्वास्तिका ने फिल्म को लेकर कहा, ''यह कहानी उन पलों की है, जब इंसान खुद को सबसे कमजोर महसूस करता है, लेकिन उसी समय उसके अंदर से असली ताकत निकलती है। बृष्टि ऐसा किरदार है, जिसे पहली नजर में लोग शायद पसंद न करें, क्योंकि वह जल्दबाजी में फैसले लेती है और कई बार गलतियां करती है। लेकिन, अपनी बेटी के लिए उसका प्यार सच्चा और बेहद गहरा है। कहानी में बृष्टि अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए उसे बिना इजाजत अपने साथ ले जाती है। वह ऐसा कदम इमोशनल होकर उठाती है, लेकिन हालात अचानक गंभीर हो जाते हैं, जब बच्ची सच में किडनैप हो जाती है। इसके बाद, कहानी एक अलग मोड़ लेती है। बृष्टि को अपनी गलती सुधारने और बेटी को वापस लाने के लिए असामान्य रास्ता अपनाना पड़ता है।

## इस्राइल-ईरान जंग के बीच शेयर किया पोस्ट

# 'मैं शुक्रगुजार हूं कि मेरा घर भारत है'

**पश्चिम** एशिया में तनाव के बीच अमेरिका और इस्राइल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला कर दिया है। जंग के इस हालात पर अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने चिंता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने इस बात की खुशी साझा की है कि वे भारत की नागरिक हैं। इस्राइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच मिडिल ईस्ट में हालात तेजी से बिगड़ गए हैं। इसका असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। तनाव के चलते फ्लाइट ऑपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। इस बीच जंग के हालातों पर साउथ सिनेमा की चर्चित अदाकारा मीरा चोपड़ा ने चिंता जाहिर की है।

### 'भारतीय पासपोर्ट सबसे कीमती'

मीरा चोपड़ा ने अमन और चैन की दुआ की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे इस बात को लेकर धन्य महसूस कर रही हैं कि वे भारतीय हैं। अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'अनिश्चितता से भरी दुनिया में, मैं इस बात के लिए शुक्रगुजार हूं कि मेरा घर भारत है। एक ऐसा देश, जो अपने नागरिकों को साहस और विश्वास के साथ बचाता है। मेरा भारत महान'। मीरा चोपड़ा ने एक अन्य पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'भारतीय पासपोर्ट शायद आज का सबसे कीमती पासपोर्ट है'।



# अमेरिका-इजरायल के हमले पर जावेद अतर का तीखा प्रहार, चीन को बताया आखिरी विकल्प



**मुंबई** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के मारे जाने का असर सिर्फ ईरान में ही नहीं, बल्कि कतर, सऊदी अरब, इराक और भारत में भी देखने को मिल रहा है। भारत में भी विशेष वर्ग इस हमले को निंदनीय बताते हुए पीएम मोदी के हस्तक्षेप की मांग कर रहा है, लेकिन इसी बीच गीतकार और लेखक जावेद अख्तर को चीन की याद आ रही है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हुए हमले की गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने जमकर आलोचना की है। उनका मानना है कि अब समय आ चुका है कि अमेरिका और इजरायल सीमित किया जाए और उसके लिए उन्होंने चीन को आखिरी विकल्प बताया है। जावेद अख्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मुझे लगता है कि इस बार ट्रंप और इजरायल ने हद पार कर दी है, क्योंकि अगर उन्हें इस दुस्साहस को जारी रखने और ईरान के साथ इराक जैसा बर्ताव करने की छूट दी गई, तो चीन विश्व में अपनी सारी विश्वसनीयता खो देगा। उन्होंने आगे लिखा, नेतन्याहू और ट्रंप, बाकी सभी दबंगों की तरह, दूसरों को दीवार तक धकेल चुके हैं और अंततः दूसरों के पास निर्णायक तरीके से प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। गीतकार के पोस्ट पर यूजर्स भी अपनी राय रख रहे हैं।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने मुंबई इवेंट में फिर अपनाया एमसी शेर वाला हेयरकट, फैंस हुए नॉस्टैल्जिक

**सिद्धांत** चतुर्वेदी के फैंस को एक सुखद सरप्राइज़ मिला, जब वह मुंबई में आयोजित एक इवेंट में उसी शार्प हेयरकट के साथ नजर आए, जिसने उनकी फिल्म 'गली बॉय' के किरदार एमसी शेर को आइकॉनिक बना दिया था। साइड से क्लीन बज़ कट और एज्ड स्टाइलिंग देखते ही फैंस को उनका ब्रेकआउट रोल याद आ गया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें सामने आते ही नॉस्टैल्जिया छा गया। इंटरनेट पर उत्साह की लहर दौड़ गई। फैंस ने नोटिस किया कि सिद्धांत कितनी आसानी से फिर से एमसी शेर वाले वाइब में लौट आए हैं। कई लोगों ने कहा कि सालों बाद भी यह लुक उन पर उतना ही जंचता है, जबकि कुछ ने कयास लगाए कि कहीं यह हेयरकट किसी नए प्रोजेक्ट की झलक तो नहीं। चाहे यह सिर्फ एक स्टाइलिश थ्रोबैक हो या किसी आने वाले किरदार का इशारा, एमसी शेर वाला लुक फिर से देखकर साफ हो गया कि यह किरदार आज भी फैंस के दिलों में उतना ही ज़िंदा है, जैसे पहले था।

# शिवालिका ओबेरॉय ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप, पति अभिषेक पाठक के काम को लेकर किया खुलासा



फिल्म 'खुदा हाफिज' में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। शनिवार को उन्होंने अपनी प्रेग्नेंस जर्नी को लेकर एक खास अपडेट देते हुए बताया कि वे अब मदरहुड की तैयारी में पूरी तरह से जुटी हैं। शिवालिका ने इंस्टाग्राम पर अपने पति अभिषेक के साथ अपने हालिया मैटरनिटी शूट की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों साथ नजर आ रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। शिवालिका ने अपनी पोस्ट में मजाकिया अंदाज में इसे 'को-प्रोडक्शन' बताया। उन्होंने लिखा, 'इसे को-प्रोडक्शन कहें। अभिषेक पाठक (पति) इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म दृश्यम की शूटिंग में व्यस्त हैं और मैं एक इंसान को बनाने में व्यस्त हूं।

डील हो गई।' शिवालिका ने आगे लिखा कि अभिषेक प्रेग्नेंसी के दौरान ही 'दृश्यम 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं उन्होंने इस खास सफर को ढेर सारी मैटरनिटी फोटोज के जरिए डॉक्यूमेंट करने का फैसला किया। उन्होंने लिखा, 'अभिषेक मेरी प्रेग्नेंसी के दौरान 'दृश्यम 3' शूट कर रहे हैं। अगर वे फ्री होते तो हम जितनी चाहें उतनी मैटरनिटी फोटो शूट करते। हालांकि, अभी दोनों प्रोडक्शन सफलतापूर्वक चल रहे हैं। शिवालिका ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट लुक में नजर आ रही हैं।

उन्होंने पहले भी अपने बेबी बंप को लेकर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। 'दृश्यम 2' के डायरेक्टर अभिषेक पाठक और अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय की लव स्टोरी 2020 में फिल्म 'खुदा हाफिज' के सेट पर शुरू हुई थी। इस फिल्म को अभिषेक ने प्रोड्यूस किया था। पहली मुलाकात के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई और फिर अभिषेक ने तुर्की में शिवालिका को शादी के लिए प्रपोज किया। यह जोड़ा फरवरी 2023 में गोवा में शादी के बंधन में बंधा था। अब दोनों जल्द ही बच्चे का आगमन का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।



# स्प्लिट्सविला एक्स 6 की यादों में डूबीं निया शर्मा

## पोस्ट शेयर कर लिखा- आंखों में आ गए आंसू

अपनी बेबाक और बिंदास पर्सनैलिटी को लेकर दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखने वाली टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री निया शर्मा इन दिनों एमटीवी के पॉपुलर रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री निया शर्मा ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर शो से रिलेटेड यादों को शेयर किया। इन तस्वीरों में उन्होंने शो के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स मोमेंट्स शेयर किए, जिसमें होस्ट सनी लियोनी और करण कुंद्रा, उर्फी जावेद, हामिद बर्कजी और अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ मजेदार पल शामिल थे। एक खास वीडियो में सनी लियोनी के बच्चे निशा, नोआ और अशर ने डिनर के दौरान प्यारी सी स्पीच दी। निया ने बताया कि शो के दौरान वह काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने बताया कि इस शो को याद करते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। निया ने लिखा, 'शो की यादों में खोकर मेरी आंखों में आंसू आ गए थे। ऐसे दिन जब आप खुश होने की कोशिश नहीं करते, बस सच में खुश होते हैं। सबसे अच्छे पल इतनी जल्दी यादें बन जाती हैं कि आप उन्हें पीछे नहीं लौटा सकते। 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' में बहुत प्यार और नफरत है, लेकिन शो को देखने वालों की संख्या बहुत जबरदस्त है। उन्होंने आगे बताया कि एमटीवी चैनल उनके बचपन का पसंदीदा चैनल हुआ करता था। उन्होंने लिखा, 'इस सफर की शुरुआत करके मैं बहुत रोमांचित थी। एमटीवी 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' एक डेटिंग रियलिटी शो है, जो एमटीवी इंडिया पर आता है। शो के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं और इस शो को सनी लियोनी और करन कुंद्रा होस्ट कर रहे हैं। वहीं, उर्फी और निया भी नजर आ रही हैं। इनका काम प्रतियोगियों को चुनौती देना और खेल में बाधाएं डालना होगा। वे हर कदम पर प्रतियोगियों को उलझाएंगी और उन्हें अपने निर्णयों पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर करेंगी। स्प्लिट्सविला शो 9 जनवरी से एमटीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

# श्रेया घोषाल को बेमेल लगा था अपना 23 साल पुराना ये हिट गाना

## बिपाशा के लिए दी थी आवाज



आवाज की मलिका श्रेया घोषाल ने हाल ही में अपने करियर के उस दौर को याद किया, जब उन्होंने फिल्म 'जिस्म' का सुपरहिट गाना 'जादू है नशा है' गाया था. गाना चार्टबस्टर साबित हुआ, लेकिन श्रेया को खुद लगा कि बिपाशा बासु पर उनकी आवाज पूरी तरह फिट नहीं बैठ रही थी. बॉलीवुड की बेहद चर्चित और शानदार गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज और बेहतरीन गायकी से लाखों दिलों को छुआ है, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने करियर के शुरुआती दिनों का एक दिलचस्प और सच्चा अनुभव साझा किया है, जिसे जानकर शायद आप हैरान रह जाएंगे. श्रेया घोषाल ने संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास से अपने सिंगिंग करियर की शुरुआत की थी. हालांकि, उन्होंने बातचीत के दौरान खुलासा किया है कि उनका सुपर-हिट गाना जादू है नशा है एक ऐसा गाना जिसके लिए वो खुद को मिस फिट महसूस करती हैं. श्रेया घोषाल ने 16 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक मीडिया इवेंट में अपने करियर जर्नी के बारे में बात की. इस दौरान श्रेया ने अपने करियर के मिसफिट गाने का भी जिक्र किया. उन्होंने फिल्म जिस्म के गाने जादू है नशा का जिक्र किया. श्रेया ने बताया कि फिल्म में बिपाशा बासु के लिए उनकी आवाज बेमेल लगी थी.

# एमजीसीयू का इन्फ्लिबनेट केंद्र के साथ हुआ एमओयू

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने गांधीनगर, गुजरात स्थित इन्फ्लिबनेट सेंटर अर्थात सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र के साथ आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुसंधान परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाकर वैश्विक अनुसंधान दृश्यता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा है, कि यह सहयोग एक सशक्त अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विद्वानों को वैश्विक मंच पर अपने बौद्धिक योगदान को प्रदर्शित करने के लिए



विश्व स्तरीय डिजिटल उपकरण प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है,कि इन्फ्लिबनेट के साथ यह समझौता होने से, विश्वविद्यालय के शोध प्रबंध और थीसिस,भारतीय इलेक्ट्रॉनिक थीसिस के प्रमुख भंडार शोधगंगा के माध्यम से वैश्विक शैक्षणिक समुदाय के लिए सुलभ होंगे। यह प्लेटफार्म शोधकताओं और पर्यवेक्षकों को पंजीकरण से लेकर थीसिस के अंतिम प्रस्तुतीकरण तक संपूर्ण अनुसंधान जीवनचक्र के प्रबंधन के लिए एक समर्पित गेटवे प्रदान करेगा।यह साझेदारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनिवार्य उन्नत साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले उपकरणों और शैक्षणिक सत्यनिष्ठा प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही इन्फ्लिबनेट विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन कार्यक्रम प्रदान करेगा ताकि डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति और गांधी नगर, गुजरात स्थित इन्फ्लिबनेट केंद्र की निदेशक प्रो. देविका पी. मदल्ली ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमजीसीयू के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. रणजीत कुमार चौधरी ने कहा कि यह एमओयू ऐतिहासिक कदम है। यह पहल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नवोन्मेषी अनुसंधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, पिता-पुत्र की मौत

एजेंसी

**मधेपुरा।** मधेपुरा जिले के चौसा प्रखंड अंतर्गत मोरसंडा पंचायत के लभगरिया टोला, वार्ड संख्याझ10 में बुधवार की देर रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर के पास से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के बिजली तार के कारण यह हादसा हुआ। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में 15 वर्षीय बलराम कुमार



(पिता - नरदेव मुनि) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आग में झुलसे नरदेव मुनि और 12 वर्षीय किरण कुमारी को इलाज के लिए चौसा सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर किया गया। भागलपुर में भी प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर पटना भेजा गया। पटना ले जाने के दौरान खगड़िया जिले के महेशखूंट थाना क्षेत्र के पास गुरुवार दिन करीब 11 बजे नरदेव मुनि की भी मौत हो गई। घटना के बाद फुलौत थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मधेपुरा सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। इस हादसे में पिता-पुत्र सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय किरण कुमारी का इलाज जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत

**नालंदा/बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत पोआरी गांव में डेढ़ वर्षीय मासूम की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पोआरी गांव के वार्ड संख्या 13 स्थित महादलित टोला निवासी सुधीर मांझी के डेढ़ वर्षीय पुत्र प्रेमन कुमार की घर के पास खेलते समय पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है।परिजन ने बताया कि उस समय घर के सभी सदस्य भोजन बनाने में व्यस्त थे और बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते-खेलते प्रेमन कुमार पास के पानी भरे गड्ढे में गिर गया। कुछ देर तक जब बच्चा दिखाई नहीं दिया तो परिजन ने उसकी खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान देखा गया कि वह पानी भरे गड्ढे में पड़ा है। आनन-फानन में बच्चे को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस द्वारा गुरुवार को आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

### हाजत से कैदी फरार मामले में एक पुलिस पदाधिकारी व दो चौकीदार निलंबित

**सीवान।** सीवान एसपी ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस पदाधिकारी एवं दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है। साथ ही दो गृह रक्षकों के विरुद्ध अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। यह कार्रवाई मैरवा थाना हाजत से एक आरोपित के फरार होने के मामले में की गई है। जानकारी के अनुसार मैरवा थाना में 27 फरवरी 2026 को गिरफ्तार आरोपित फिरोज अंसारी को थाना हाजत में रखा गया था। उसी रात आरोपित हाजत की दीवार तोड़कर फरार हो गया।घटना के समय थाना हाजत की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस अवर निरीक्षक अवधेश कुमार, चौकीदार बुलेट कुमार एवं राजेश्वर मांझी पर थी। वहीं थाना संतरी के रूप में गृह रक्षक राजबली पंडित और अवध किशोर राम की ड्यूटी लगी हुई थी। प्राथमिक जांच में ड्यूटी के दौरान लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं अनुशासनहीनता सामने आने पर एसपी ने पुलिस अवर निरीक्षक अवधेश कुमार तथा चौकीदार बुलेट कुमार और राजेश्वर मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# एनडीए के पांच उम्मीदवारों ने रास के लिए दाखिल किया नामांकन

**राजद की ओर से एडी सिंह ने भी आखिरी दिन नामांकन किया**

**नामांकन दाखिल करने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नबीन एक साथ बिहार विधानसभा पहुंचे**

एजेंसी

**पटना।** राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए के पांच उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इनमें जदयू के नीतीश कुमार व रामनाथ ठाकुर, भाजपा के नितिन नवीन व शिवेश कुमार और रालोमो के उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। नामांकन दाखिल करने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नितिन नबीन एक साथ बिहार विधानसभा पहुंचे। अमित शाह ने दोनों नेताओं को शुभकामनाएं भी दी। तीनों नेताओं के एक ही गाड़ी में सवार होकर विधानसभा पहुंचने से सियासी गलियारों में चचाओं का दौर तेज हो गया। इससे पहले दिल्ली से पटना पहुंचने पर अमित शाह ने नीतीश



कुमार और नितिन नवीन के साथ अहम बैठक भी की।

.नामांकन के दौरान एनडीए के कई वरिष्ठ नेता और विधायक भी विधानसभा परिसर में मौजूद थे। मालूम हो कि राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन का आज अंतिम दिन था। राजद की ओर से अमरेन्द्रधारी सिंह को मैदान में उतारा गया है। एडी सिंह वर्तमान में राजद की ओर से राज्यसभा सदस्य हैं। उनका भी कार्यकाल समाप्त होने वाला है। बिहार से राज्यसभा की 5 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। जिसमें एनडीए की ओर से ही 5 उम्मीदवार उतारे गए हैं। जबकि महागठबंधन की ओर से एक उम्मीदवार के मैदान में आने से उम्मीदवारों की संख्या 6 हो गई है। ऐसे में 16 मार्च को मतदान होना तय हो गया है।

### रास चुनाव : जदयू उम्मीदवार बनाए जाने पर नीतीश कुमार को भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए जदयू उम्मीदवार के रूप में अपने नाम का ऐलान किए जाने के बाद बिहार में सियासी सरगर्मी चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा आधिकारिक घोषणा के बाद प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी नेतृत्व, सुशासन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए सतत समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नीतीश कुमार के व्यापक अनुभव, संतुलित दृष्टि और जनहितकारी विचारों से राज्यसभा की गरिमा और भी सुदृढ़ होगी तथा राष्ट्रहित के विषयों को नई दिशा मिलेगी।

## जलजमाव और उससे उठते बदबू के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**अररिया।** जिले के घूरना बाजार वार्ड नंबर 10 पासवान बस्ती में सड़क पर जमा जल जमाव और उससे उठते बदबू के खिलाफ गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने सरकार के विधि व्यवस्था और उनके कार्य शैली पर नाराजगी जाहिर की। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने की। उन्होंने कहा कि होली जैसे पर्व पर भी नरपतगंज सीओ और बीडीओ द्वारा घूरना बाजार वार्ड नंबर 10 पासवान बस्ती में साफ सफाई पर ध्यान नहीं रखा,जिस कारण यहां के लोगों में काफी आक्रोश है। क्योंकि नाला का बदबूदार पानी रोड पर जमा है और बदबू के कारण अगल-बगल लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों की दैनिक जीवन शैली पर जल जमाव और बदबू के कारण प्रभावित है। बगैर जल निकासी की मुकम्मल व्यवस्था किए बिना नाला का निर्माण कर दिया गया है। जिसके कारण इस इलाके में नाला का गंदा पानी जमा रहता है। सोनी ने कहा कि हिंदुओं के पर्व में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त के लायक नहीं है। उन्होंने डीएम से मांग करते हुए कहा कि समस्या से जल्द निजात अगर नहीं मिला तो आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे।

## नालंदा जिले में बीईओ के सेवानिवृत्ति पर दी गयी भावभीनी विदाई

**नालंदा/बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के कतरीसराय प्रखंड के बीआरसी भवन सभागार में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अजय प्रसाद ने की। समारोह में प्रखंड के शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ रजनीश कुमार ने कहा कि किसी भी प्रखंड की प्रगति में शिक्षा विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अब्दुल मन्नान की प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा उनके व्यक्तित्व की पहचान रही है। एक अधिकारी केवल अपने पद से नहीं, बल्कि अपने कार्य और व्यवहार से पहचाना जाता है। उनका अनुभव आगे भी समाज और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। समारोह के दौरान शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## प्रखंड में उत्पाद विभाग के टीम पर फायरिंग, हिरासत में तीन लोग

**नालंदा/बिहारशरीफ।** नालनंदा जिले के नुरसराय थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम पर फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गुरुवार को नूरसराय थाना पुलिस को सूचना मिली कि उत्पाद टीम, नालंदा द्वारा नूरसराय-थरथरी सीमा पर पाण्डेयपुर गांव के समीप खंधा में शराब के विरुद्ध छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान थरथरी थाना क्षेत्र के ग्राम अतवलचक के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पाद विभाग के टीम पर फायरिंग की गई है।सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष नूरसराय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उत्पाद टीम द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्रोन कैमरे के फुटेज के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपितों की पहचान की गई।इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-02 बिहारशरीफ के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक (नूरसराय अंचल) तथा समीपवर्ती थानों — थरथरी, चंडी एवं कल्याणबिगहा — की संयुक्त टीम ने उत्पाद विभाग की शिनाख्त के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## बहन की शादी का सामान खरीदने बाजार गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**पूर्वी चंपारण।** बहन की शादी का सामान खरीदने गए भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक पताही थाना क्षेत्र के पदुमकेर पंचायत के जरदाहा गांव निवासी भुखल सहनी का सबसे छोटा पुत्र टुन्नू सहनी (18) है। घटना के संबंध में जानकारी के अनुसार मृतक टुन्नू सहनी बहन की शादी का सामान लेने बाइक से गुरूवार को पचपकड़ी बाजार गया था। बाजार से लौटने के क्रम में पचपकड़ी अम्बेडकर चौक से विरती मुख्य पथ में जैसे बढ़ा टेम्पू में जोरदार टक्कर मार कर गिर गया। टक्कर इतनी तेज थीं की टेम्पू का शीशा चकनाचूर हो गया।स्थानीय लोगो ने घायलवस्था उसे अस्पताल पहुंचाया।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बहन की आगामी नौ मार्च को शादी है। मृतक की माँ, बहन और भाभी, भाई का रो रो कर बुरा हाल है। जिस घर में खुशी का माहौल था अचानक गमगीन हो गया। घटना की खबर सुन ग्रामीण स्तब्ध है। परिजनों शव का बगैर पोस्टमार्टम कराएं अंतिम संस्कार करने पर अड़े है।

## डीएम ने श्रीकलपुर चेकपोस्ट से लेकर गोलाघाट तक व्यवस्था का लिया जायजा

एजेंसी

**सीवान।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने गुरवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुठनी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती श्रीकलपुर चेकपोस्ट, नगर पंचायत क्षेत्र तथा छोटी गंडकी नदी के गोलाघाट का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सबसे पहले श्रीकलपुर चेकपोस्ट पहुंचे, जहां तैनात सुरक्षा गार्डों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि निगरानी व्यवस्था मजबूत बनी रहे।इसके बाद डीएम प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संधारित संचिकाओं का अवलोकन करते हुए कर्मियों को कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता व समयबद्धता बरतने का निर्देश दिया। नगर पंचायत द्वारा दिए गए पत्र के आलोक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के चेयरमैन और वार्ड सदस्यों के साथ छोटी गंडकी नदी तट स्थित गोलाघाट का भी निरीक्षण किया।

## जिलाधिकारी ने किया तरैया प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

एजेंसी

**सारण।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने तरैया प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, उपस्थिति पंजी और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि वे अपनी बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वयं कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का मिलान किया और प्रधान लिपिक व अन्य लिपिकों के लॉगबुक पंजी



का अवलोकन कर कार्यों की अद्यतन स्थिति देखी। इस दौरान डीएम ने पुराने दस्तावेजों के व्यवस्थित और वैज्ञानिक ढंग से किए गए रखरखाव को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने इसकी सराहना करते हुए अन्य सरकारी कार्यालयों को भी इसी पद्धति से दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 'मृत' चिह्नित किए गए लाभार्थियों का शत-प्रतिशत पुनः सत्यापन किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान अब तक 3 लाभार्थी जीवित पाए गए हैं जिन्हें योजना से पुनः जोड़ा जा रहा है। कार्य निष्पादन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डीएम ने प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी का प्रभार स्थानीय पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया।

# मुजफ्फरपुर में खूनी संघर्ष, पुलिस वाहन पर हमला, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** रंगों के पर्व होली के बीच शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। रामबाग स्थित नूनफर मोहल्ले में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी भीड़ ने हमला कर दिया और पुलिस वाहन का शीशा तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, नूनफर मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और लाठी-डंडे चलने लगे। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मिठनपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति



को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने मारपीट में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लेना शुरू किया, जिससे वहां मौजूद भीड़ उग्र हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर वाहन में बैठा रही थी, तभी कुछ महिलाएं और युवक पुलिस से उलझ पड़े। इसी दौरान भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने लाठी-डंडों से पुलिस वाहन पर हमला कर दिया। वाहन के पिछले हिस्से का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। माहौल बिगड़ता देख पुलिस टीम हिरासत में लिए गए लोगों को लेकर थाने लौट गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच नोकझोंक और गहमागहमी देखी जा सकती है। नगर पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश में झड़प की सूचना पर पुलिस टीम भेजी गई थी। मौके पर पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया गया और सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें से पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सोनवर्षा वैटलैंड का चारागाह विदेशी पक्षियों से हो रहा गुलजार

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अन्तर्गत सोनवर्षा वैटलैंड का चारागाह इन दिनों विदेशी पक्षियों से गुलजार हो रहा है। जिसे देखने के लिए लोग यहां पहुंच रहे हैं। यहां दिनों दिन बार हेडे गूज (राजहंस) की संख्या में होने वाले वृद्धि को देखकर यह निश्चित हो गया है कि राजहंस को यह क्षेत्र चारागाह के रूप में बहुत रास आने लगा है। यह एक प्रवासी पक्षी है। जो सर्दियों के मौसम में भारत आता है। पर्यावरणविद एवं जल पक्षी गणना, बिहार के कार्डिनेटर दीपक कुमार झुन्नू ने बताया कि है। अबतक की



गणना में यह सर्वाधिक संख्या है। घटोरा झील का शांत वातावरण, आसपास के उपजाऊ कृषि भूमि, झील की पौष्टिक जलीय वनस्पतियां और इसका जलस्तर सामान्य होने कारण पक्षियों को सुलभता से भोजन उपलब्ध हो जाता है। जिस कारण यह झील अधिक संख्या में प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों को आकर्षित करता है। यह पक्षी मुख्यतः मध्य एशिया के देशों जैसे मंगोलिया, चीन (विशेषकर तिब्बत क्षेत्र) और कजाकिस्तान में प्रजनन करता है। जब वहां कड़ाके की ठंड और बर्फबारी शुरू होती है। तब यह पक्षी भोजन और अनुकूल जलवायु की तलाश में दक्षिण की ओर प्रवास करता है। उन्होंने कहा कि भारत आने के लिए यह पक्षी दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला हिमालय को पार करता है। यह लगभग 25 से 30 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। जो इसे विश्व के सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले पक्षियों में शामिल करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसके फेफड़े और रक्त में आक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बहुत अधिक होती है।

# राजस्व लक्ष्य पूरा करने को लेकर 24 घंटे वाहन जांच के लिए तीन शिफ्ट में तैनात अधिकारी

एजेंसी

**गोपालगंज।** 31 मार्च तक शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिले में राजस्व वसूली के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में कुचायकोट थाना क्षेत्र के बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा से सटे बलथरी चेकपोस्ट पर परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन वाहन जांच अभियान



चलाया जा रहा है। चेकपोस्ट से गुजरने वाले ट्रकों सहित अन्य व्यावसायिक वाहनों की कागजातों की गहन जांच की जा रही है। जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देश के बाद परिवहन विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है।जिला परिवहन पदाधिकारी शशि शेखरम ने 31 मार्च तक शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बलथरी चेकपोस्ट पर अधिकारियों और कर्मियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाई है। इससे चेकपोस्ट पर 24 घंटे लगातार वाहनों की जांच की जा रही है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की रिपोर्ट पर सवाल, जहां पेड़ नहीं, वहां टक्कर कैसे?

एजेंसी

**मुंबई।** बारामती में हुए भीषण विमान हादसे की जांच रिपोर्ट आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में बयानों का दौर शुरू हो चुका है। एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे गलतियों का पुलिंदा करार दिया है। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पवार ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए कई चौंकाने वाले दावे किए और आरोप लगाया कि जांच का उद्देश्य चार्टर कंपनी वीएसआर वेंचर्स और कुछ रसूखदार अधिकारियों को बचाना है।

आपको बता दें कि 28 जनवरी को बारामती में वीएसआर वेंचर्स का एक लीयरजेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दर्दनाक हादसे में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार को जारी एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलटों द्वारा मानक संचालन




प्रक्रियाओं का पालन न करने, कम दृश्यता और हवाई पट्टी पर मौसम संबंधी सुविधाओं के अभाव को हादसे का मुख्य कारण बताया गया था। रोहित पवार ने रिपोर्ट की विसंगतियों पर उंगली उठाते हुए कहा, 'एएआईबी की रिपोर्ट कहती है कि विमान दुर्घटना से पहले पेड़ों से टकराया था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि उस स्थान पर एक भी पेड़ मौजूद नहीं हैइ उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए बताया कि फुटेज में विमान बाईं ओर तेजी से झुकता दिख रहा है, जबकि आधिकारिक रिपोर्ट में इसे दाईं ओर झुकना बताया गया है। पवार ने सवाल किया कि जब बुनियादी तथ्य ही गलत हैं, तो जांच की विश्वसनीयता क्या रह जाती है?

ब्लैक बॉक्स का रहस्य : जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विमान का कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर यानी 'ब्लैक बॉक्सइ अत्यधिक गर्मी के कारण खराब हो गए हैं। रोहित पवार ने मलबे से बरामद ब्लैक बॉक्स की तस्वीरें दिखाते हुए इस दावे को चुनौती दी। हवाई सुरक्षा विशेषज्ञ कैप्टन अमित सिंह ने भी इन तस्वीरों का समर्थन करते हुए कहा, 'पवार द्वारा दिखाई गई तस्वीरों में ब्लैक बॉक्स पर जलने, कालिख या गर्मी से विकृति के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। यह संकेत देता है कि रिकॉर्डर को कोई गंभीर थर्मल क्षति नहीं हुई थी। रोहित पवार ने केवल तकनीकी पहलुओं पर ही नहीं, बल्कि चार्टर कंपनी की आर्थिक प्रगति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी का राजस्व जो 2016 में 10 करोड़ रुपये से कम था, वह 2025 तक बढ़कर 500 करोड़ रुपये के पार कैसे पहुंच गया?

## होली खेलने के बहाने कारोबारी के घर में घुसे बदमाश, दंपती को बंधक बनाकर दिनदहाड़े की लूट

**अलीगढ़, एजेंसी।** यूपी के अलीगढ़ जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां देहलीगेट थाना क्षेत्र के घुड़ियाबाग इलाके में होली पर बुधवार को चार बदमाश होली मिलने के बहाने एक स्क्रैप कारोबारी के घर में घुस गए। तमंचे व चाकू के बल पर दंपती को बंधक बनाकर घर में रखे जेवरात, रुपये, मोबाइल फोन व अन्य सामान लूटकर ले गए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। चारों आरोपियों के चेहरों पर रंग लगा हुआ था। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हुए हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है। वहीं, दिनदहाड़े जिले में हुई लूट से हड़कंप मचा हुआ है। बदमाशों के लूट के तरीके से लोग भी हैरान हैं। देहलीगेट थाना क्षेत्र के घुड़ियाबाद इलाके में हाथरस वाला पेंज निवासी विनोद कुमार व उनकी पत्नी बुधवार दोपहर को अपने घर पर थे। तभी किसी ने गेट खटखटाया। कहा कि होली मिलने आए हैं। विनोद गेट पर पहुंचे, तभी आरोपी धक्का मारते हुए अंदर घुस आया। उसके पीछे तीन और लोग घर में घुस आए। आरोप है कि कारोबारी से हाथापाई भी की। इसके बाद उन्हें कमरे में बंधक बनाकर पूरे घर को खंगालने लगे। अलमारी में रखे रुपये, जेवरात, कारोबारी की पत्नी के कंगन, दो मोबाइल फोन व अन्य सामान लूटकर ले गए।

## *दिल्ली में भीषण गर्मी को रहें तैयार! 6 डिग्री ऊपर जाएगा पारा*

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी ने मार्च की शुरूआत से ही रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। आईएमडी के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार आने वाले दिनों में राजधानी दिल्ली का तापमान लगातार बढ़ सकता है। पिछले 24 घंटे में दिल्ली का अधिकतम तापमान करीब 31-33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14-16 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री तक अधिक रहा। आने वाले सात दिनों में पारा 6 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। दिल्ली में गर्मी ने समय से पहले दस्तक दे दी है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि देखी गई है । सफदरजंग में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री दर्ज किया गया, यह सामान्य से 5.8 डिग्री अधिक है । वहीं, न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री रहा। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में इस समय तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। अगले सात दिन कैसा रहेगा मौसम : मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में गर्मी और तेजी से बढ़ेगी। अगले 4 दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है । वहीं, अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक का उछाल आ सकता है। आने वाले 7 दिनों में तापमान सामान्य से 6 डिग्री ऊपर रहने का अनुमान है। आज दिल्ली में दिन के समय सतह पर चलने वाली हवाओं की गति 15 से 25 किमी प्रति घंटे के बीच रहने का अनुमान है । हवाओं के झोंके 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच सकते हैं । फिलहाल आसमान साफ रहेगा। रात के समय हल्का कुहासा देखने को मिल सकता है । वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में सक्रिय है। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 6 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जहां तक बारिश का सवाल है, दिल्ली में फिलहाल शुष्क मौसम बना हुआ है। पिछले 24 घंटे में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तापमान में मामूली अंतर देखा गया है। पालम में अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री, लोधी रोड में 32.8 डिग्री, रिज में 33 डिग्री और आयानगर में 32.9 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में लोधी रोड और आयानगर जैसे क्षेत्रों में भी पारा 35 से 36 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

## ईरान से जंग के बीच अमेरिका का बड़ा कदम डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट पर अपनी 'डूम्सडे' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल बेहद घातक है। यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है। इसे सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे लॉन्च किया गया। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी कि 'जीटी 254' नाम का यह रॉकेट बिना किसी हथियार के छोड़ा गया था। इसने प्रशांत महासागर में मार्शल आइलैंड्स के पास अपने तय लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने बताया कि इस मिसाइल को इसकी सटीकता और तैयारी को परखने के लिए दागा गया था। 576वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैरी रे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि इस टेस्ट से मिसाइल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों की कार्यक्षमता का अंदाजा लगाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षणों से देश की परमाणु शक्ति के जमीनी हिस्से को और भी मजबूत और तैयार रखा जा सकता है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इस्राइल ने हाल ही में ईरान पर हमला किया था। उस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में जंग छिड़ गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर हमले तेज करने चेतावनी दी है और कहा है कि एक बड़ा हमला होने वाला है। हालांकि, एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने यह भी साफ किया कि मंगलवार का यह परीक्षण रूटीन था और इसकी योजना वर्षों पहले ही बना ली गई थी।

## इजराइल-ईरान जंग के बीच बंकर में शादी

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज छठा दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने गुरुवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान के इजराइल और गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो चुकी है। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 2000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। इससे ईरान में 1,045 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मिशा नाम के एक शख्स ने बुधवार को इजराइल के तेल अवीव स्थित एक भूमिगत बम शेल्टर में शादी की। इस दौरान अपनी दुल्हन लियोर के चेहरे पर घूंघट डाला। यह शादी पहले पेटाह टिकवा में होने वाली थी, लेकिन जंग की वजह से इसे बम शेल्टर में शिफ्ट किया गया। मिशा ने कहा- हालात कैसे भी हों नई शुरुआत होनी चाहिए। जिंदगी रुकना नहीं चाहिए। इजराइल में यहूदी पर्व पुरिम ) मनाया जा रहा है। इस मौके पर तेल अवीव के एक बम शेल्टर में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। पुरिम पर्व प्राचीन फारस में यहूदियों के नरसंहार से बचाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। यरूशलम के एक बंकर में स्थानीय लोगों ने नाचते- गाते पुरिम पर्व मनाया। यहां के लोगों का कहना है कि जंग के दौरान भी खुशी मनाना उनके अस्तित्व का प्रमाण है। यरूशलम में बुधवार को पुरिम पर्व मनाने के लिए सैंकड़ों की तादाद में लोग जमा हुए। इस दौरान इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बम बरसा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### 500 गज तक के घरों को हर महीने 10 हजार लीटर फ्री पानी, गुरुग्राम के 3 लाख घरों को मिलेगा लाभ

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने शहरी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 500 गज तक के रिहायशी मकानों को हर महीने 10 हजार लीटर (10 किलोलीटर) पेयजल मुफ्त देने की घोषणा की है। अब तक लोगों से एक रुपये प्रति किलोलीटर के हिसाब से पानी का बिल वसूला जाता था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में इस बार का बजट पेश करते हुए यह घोषणा की, जिसे नए वित्त वर्ष से शहरी स्थानीय निकाय विभाग लागू करेगा। इस योजना का लाभ गुरुग्राम में 3 लाख से अधिक मकान मालिकों को मिलने की उम्मीद है। हालांकि योजना का फायदा लेने के लिए घरों में पानी का मीटर लगवाना अनिवार्य होगा। बिना मीटर के मुफ्त पानी की सुविधा नहीं मिलेगी। नगर निगम में 92 हजार मकान मालिकों ने ही अपने घरों में पानी के मीटर लगवाए हुए हैं। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सरकार ने घरों में मीटर लगवाने के लिए इस योजना की घोषणा की है। नगर निगम अधिकारियों का मानना है कि मुफ्त पानी की योजना के साथ अनिवार्य पानी के मीटर लागू होने से अवैध कनेक्शनों पर रोक लगेगी। गुरुग्राम में पेयजल व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। नगर निगम के ताजा सर्वे के अनुसार शहर में डेढ़ लाख से अधिक अवैध पेयजल कनेक्शन चल रहे हैं, जो निगम के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। इन कनेक्शनों के जरिये बड़े पैमाने पर पानी की चोरी हो रही है, जिसका सीधा असर निगम की आर्थिक स्थिति और शहर के सीमित जल संसाधनों पर पड़ रहा है। निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में कुल 1,91,143 वैध पेयजल कनेक्शन हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर बिना मीटर के संचालित हो रहे हैं। मीटरिंग न होने के कारण वास्तविक खपत का सही आकलन नहीं हो पा रहा और न ही बिलों की पूरी वसूली हो रही है। स्थिति यह है कि नगर निगम हर साल लगभग 140 करोड़ रुपये का पानी का बिल जारी करता है, लेकिन रिकवरी महज 50 करोड़ रुपये के आसपास सिमट जाती है।

### होली पर महिला की हैवानियत; पोते पर उड़ेल दिया खौलता गर्म पानी

**नागपुर, एजेंसी।** होली के मौके पर महाराष्ट्र के नागपुर से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां नागपुर जिले में एक महिला ने अपने पोते पर खौलता हुआ पानी उड़ेल दिया। इसकी वजह सिर्फ इतनी थी कि बच्चे से उस पर गलती से थोड़ा पेंट डाल दिया था। घटना से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है जिसे देखकर आपकी रूह कांप जाएगी। वीडियो में दर्द से कराहते बच्चे को इधर उधर भागते देखा जा सकता है। घटना में बच्चा बुरी तरह झुलस गया। यह घटना तीन मार्च को आरामशीन इलाके के वार्ड नंबर 2 में हुई और पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो है। पुलिस के मुताबिक 4 वर्षीय बच्चा अपने घर के बाहर पेंट से भरी स्प्रे बोतल लेकर खेल रहा था।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसने गलती से अपनी दादी सिंधु ढाकरे पर पेंट छिड़क दिया, जो खौलता पानी बाल्टी में भर रही थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया, गुस्से में आके महिला ने खौलता पानी लड़के पर उड़ेल दिया।'' फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक बच्चा कमर के नीचे बुरी तरह झुलस गया और उसे नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, वह 45 प्रतिशत तक झुलस गया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सुप्रीम कोर्ट की जज बोलीं- सत्ता में बैठे लोगों की चिंता न करें, सही फैसले लें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जज बीवी नागरत्ना ने न्यायाधीशों को अपने फैसले पर अड़े रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। वह केरल उच्च न्यायालय में आयोजित दूसरे टीएस कृष्णमूर्ति अय्यर मेमोरियल लेक्चर में बोल रहीं थीं। इससे पहले उन्होंने मीडिया को लेकर भी ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि किसी भी तरह की बाधा, भय या प्रभाव में मीडिया अपनी भूमिका नहीं निभा सकता है।

मंगलवार को जस्टिस नागरत्ना ने कहा, जजों को सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। फिर चाहे इसकी वजह से उनकी उन्नति ही क्यों न रुक जाए या सत्ता में बैठे लोग नाराज हो जाएंइ उन्होंने कहा, एक जज को राजनीतिक दबाव, संस्थागत धमकी या पॉपुलर डिमांड से मुक्त ही रहना चाहिए।

मीडिया को लेकर क्या बोलीं : शुक्रवार को जस्टिस नागरत्ना आईपीआई इंडिया अवार्ड फॉर



एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म 2025 के सम्मान समारोह में पहुंचीं थीं। उन्होंने कहा था कि प्रेस पर कब्जा करने के हालिया प्रयासों के पीछे न केवल आर्थिक आधार हैं बल्कि राजनीतिक पहलू भी शामिल हैं। खास बात है कि जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना ने शुक्रवार को साफ तौर पर कहा कि मीडिया अपना काम ठीक से तभी कर सकता है जब वह किसी भी तरह के डर या दबाव से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्रेस की आादी को सबसे बड़ा खतरा सीधे तौर पर लगने वाली पाबंदियों (सेंसरशिप) से नहीं है। बल्कि, असली खतरा आर्थिक नीतियों, लाइसेंस देने के कड़े नियमों और मीडिया कंपनियों के मालिकाना हक से जुड़ा है।

उन्होंने कहा, एक मीडिया प्रतिष्ठान कानूनी रूप से सरकार की आलोचना करने के लिए स्वतंत्र हो सकता है, फिर भी आर्थिक रूप से इस तरह से मजबूर हो सकता है कि ऐसी आलोचना महंगी पड़ जाएइसर्वोच्च न्यायालय में इस समय एकमात्र महिला न्यायाधीश ने कहा कि भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की दिलचस्प संवैधानिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) - भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 19(1)(जी) - किसी भी पेशे से जुड? या किसी भी व्यवसाय, व्यापार या कारोबार को चलाने की स्वतंत्रता के बीच परस्पर क्रिया से उभरता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बताया कि भारत में प्रेस की आजादी को संविधान दो अलग-अलग तरीकों से सुरक्षा देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र मीडिया कितना जरूरी है।

## पाकिस्तान-अफगान सीमा तनाव : छह दिन से जारी जंग के बीच तुर्किये ने की मध्यस्थता की पेशकश

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर जारी झड़पें अब छठे दिन में पहुंच गई हैं। इसके बाद भी दोनों तरफे से हमले जारी है। इसी बीच अब इस मामले में तुर्किये की एंट्री हुई है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच नया युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। बता दें कि संघर्ष की शुरूआत पिछले हफ्ते हुई, जब अफगानिस्तान ने गुरुवार को पाकिस्तान पर हमले किए। यह हमला पाकिस्तान द्वारा पिछले सप्ताहांत किए गए हवाई हमलों के जवाब में बताया गया।

इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पर सैन्य अभियान शुरू कर दिया और कहा कि वह अफगानिस्तान के साथ खुले युद्ध जैसी स्थिति में है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ गई है। इससे पहले दोनों देशों के बीच अक्तूबर 2024 में कतर और तुर्किये की मदद से युद्धविराम हुआ था। उस समझौते के बाद इस्तांबुल में छह दिन तक बातचीत भी हुई और नवंबर में तीसरे दौर की वार्ता पर सहमति बनी थी। लेकिन 6 और 7 नवंबर को



हुई बातचीत में कोई ठोस नतीजा नहीं निकला और शांति प्रक्रिया रुक गई।

**तुर्किये का राष्ट्रपति और पाकिस्तानी पीएम की बातचीत :** तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार,एर्दोगन ने फोन पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बातचीत की। उन्होंने पाकिस्तान में हुए आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि तुर्किये पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच फिर से युद्धविराम बहाल कराने में मदद करेगा। हालांकि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सीधे तौर पर इस प्रस्ताव की पुष्टि नहीं की, लेकिन बताया कि दोनों नेताओं ने 2,611 किलोमीटर लंबी अफगान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव पर चर्चा की और क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। दूसरी ओर अभी तक इस मामले में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से एर्दोआन की पेशकश पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि पिछले हफ्ते तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से सीमा पर हालात को लेकर बातचीत की थी। इसी बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शांति तभी संभव है जब अफगान तालिबान पाकिस्तान विरोधी उग्रवादियों से अपने संबंध खत्म करे।

### कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में उतारे 6 उम्मीदवार, सिंघवी समेत इन नामों पर दांव

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनावों के लिए 6 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इन नामों में हरियाणा और हिमाचल से लेकर तमिलनाडु तक के लिए नेताओं की लिस्ट शामिल है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद इस सूची को जारी किया गया है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को कैंडिडेट बनाया है। इसके अलावा एम. क्रिस्टोफर तिलक तमिलनाडु से उतरेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी और वी. नरेंद्र रेड्डी तेलंगाना से राज्यसभा जाएंगे। हरियाणा से कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। हरियाणा में कांग्रेस ने दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया है। वह सरकारी अफसर रहे हैं और कुछ साल पहले ही रिटायर हुए हैं। अंबाला के रहने वाले बौद्ध विधानसभा चुनाव में भी उतरना चाहते थे, लेकिन मौका नहीं मिल पाया था।

## तमिलनाडु चुनाव से पहले बड़ा फैसला, कांग्रेस और डीएमके में सीट बंटवारे पर मुहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए डीएमके ने कमर कस ली है। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम ने तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को सीट बंटवारे को अंतिम रूप देते हुए कांग्रेस को 28 सीट आवंटित की। इसके अलावा पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी आवंटित की गई है। बताया जा रहा है कि तमिलनाडु में सत्ता के बंटवारे और सीटों की संख्या को लेकर पैदा हुए लंबे गतिरोध को देखते हुए वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के हस्तक्षेप के बाद सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कांग्रेस ने बुधवार रात राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। लंबी बातचीत के बाद हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, कांग्रेस को 28



विधानसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट आवंटित की गई है। समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस समिति (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागाई ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। ऐसा भी माना जा रहा है कि डीएमके ने 2028 में एक राज्यसभा सीट देने का वादा किया है, हालांकि दोनों दलों द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि या घोषणा नहीं की गई है।

राज्य विधानसभा से राज्यसभा चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन की पूर्व संध्या पर पिछले दो दिनों में हुई गहन चर्चा के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन और सेल्वापेरुन्थागाई के बीच हस्ताक्षरित समझौते के तहत कांग्रेस को 28 विधानसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट मिली है। कांग्रेस किन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेगी, इसकी पहचान अगले दौर की बातचीत में की जाएगी। दोनो दल राज्यसभा उम्मीदवारों का नामांकन गुरूवार को दाखिल करेंगे। सेल्वापेरुन्थागाई ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही राज्यसभा उम्मीदवार की घोषणा करेगी और पार्टी इस समझौते से पूरी तरह संतुष्ट एवं खुश है। गौरतलब है कि कांग्रेस द्वारा 39 विधानसभा और दो राज्यसभा सीटों की मांग पर अड़े रहने के कारण संबंधों में तनाव आ गया था। हालांकि, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अनुरोध पर पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने हस्तक्षेप किया और मंगलवार को स्टालिन के साथ बातचीत की, जिसका मुख्य केंद्र बिंदु भारतीय जनता पार्टी को हराना था।

## तन और मन से ईरान के साथ है कश्मीर : मुफ्ती

एजेंसी

**कश्मीर।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत और तेहरान पर हुए हमलों की गूंज अब कश्मीर की वादियों में पुरजोर तरीके से सुनाई दे रही है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में एक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बुराई की ताकत बताते हुए उनके पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया। महबूबा मुफ्ती ने इस बात पर गहरी निराशा व्यक्त की कि भारत सरकार ने अब तक न तो इस हमले की निंदा की है और न ही ईरान की जनता के प्रति



सहानुभूति प्रकट की है। उन्होंने भारत-ईरान के ऐतिहासिक संबंधों को याद दिलाते हुए कहा, ईरान ने हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया है, जबकि अन्य मुस्लिम देश पाकिस्तान के साथ थे। जब भारत पर प्रतिबंध लगे थे, तब ईरान ने हमें कर्ज पर तेल दिया था। ऐसे वफादार दोस्त के संकट में हमारी लीडरशिप की चुप्पी दुखद है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की खामोशी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने श्रीनगर के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी और पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू के खिलाफ दर्ज एफआईआर (स्नढ्ढक्र) को तुरंत वापस लेने की मांग की। महबूबा ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों में विरोध प्रदर्शन करने वाली कई युवा लड़कियों सहित आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, यह जरूरी नहीं कि हर कोई अपना मुंह बंद रखे। लोकतांत्रिक देश में विरोध का हक सबको है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर के लोग और पूरी मुस्लिम उम्माह (वैश्विक मुस्लिम समुदाय) ईरान के साथ खड़ी है। उन्होंने मारे गए लोगों को शहीद बताते हुए उनकी बहादुरी को सलाम किया।

# अर्जुन तेंदुलकर ने बिजनेसमैन की पोती के साथ फेरे लिए



**मुंबई (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी समारोह में अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले के साथ क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।बॉलीवुड के बिग बी अमिताभ बच्चन पत्नी जया के साथ शादी में पहुंचे हैं।रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता ,बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं।महेंद्र सिंह धोनी पत्नी साक्षी के साथ शादी समारोह में पहुंचे। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं।क्रिकेटर सुरेश रैना पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं।इरफान पठान पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं। पूर्व क्रिकेटर किरण मोरे पत्नी के साथ शादी में पहुंचे हैं। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह पत्नी के साथ शादी समारोह में पहुंचे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर पत्नी के साथ शादी समारोह में पहुंचे हैं। पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद परिवार के साथ शादी में पहुंचे हैं। यूसुफ पठान पत्नी आफरीन और बीसीसीआई वाइस प्रसिडेंट राजीव शुक्ला पत्नी अनुराधा प्रसाद के साथ शादी समारोह में पहुंचे हैं।



# ईपीएल- न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों से मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराया

## पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी जीती, आर्सनल 20वीं जीत से टॉप पर कायम

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में गुरुवार रात बड़े उलटफेर देखने को मिले। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को हरा दिया। जोआओ पेड्रो की हैट्रिक से चेल्सी ने एस्टन विला को 4-1 से हराया। आर्सनल ने टूर्नामेंट में 20वीं जीत से नंबर-1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वहीं नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 10 बार की चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को ड्रॉ पर रोक दिया।



मैनचेस्टर यूनाइटेड की छठी हार

न्यूकैसल के सेंट जेम्स पार्क में बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। फर्स्ट हाफ के इंजरी टाइम में जैकब रेम्सी 2 यलो कार्ड मिलने के कारण मैच से बाहर हो गए। 10 प्लेयर्स के बावजूद टीम ने 2-1 से मैच जीता और पॉइंट्स टेबल में 12वां स्थान हासिल कर लिया। इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड तीसरे नंबर पर ही मौजूद है। न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन ने पेनल्टी को गोल में बदला और टीम को 1-0 से आगे कर दिया। न्यूकैसल के विलियम ओसुला ने आखिरी मिनट में गोल किया और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

चेल्सी की एस्टन विला पर डोमिनेटिंग जीत

बर्मिंघम के विला पार्क में चौथे और पांचवें नंबर की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले के उम्मीद थी, लेकिन चेल्सी ने 4-1 के अंतर से एकतरफा मैच जीत लिया।विला के डगलस लुइज ने मैच का पहला गोल दागा और अपनी टीम को आगे कर दिया।चेल्सी के जोआओ पेड्रो ने गोल किया और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

# रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मुलाकात की

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहला रणजी ट्रॉफी जीता है। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने आईसीसी के चैयरमैन जय शाह से मुलाकात की। बीसीसीआई ने गुरुवार को फोटोज शेयर किए हैं। खिलाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए जय शाह को धन्यवाद दिया।रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई।

**जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई-** बीसीसीआई ने एक्स पर बताया कि रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर टीम ने जय शाह से मिलने की इच्छा जताई। खिलाड़ियों ने कहा कि बीसीसीआई के सचिव रहते हुए जय शाह की लीडरशिप ने राज्य में



क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। बीसीसीआई ने अपने पोस्ट में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जय शाह का धन्यवाद किया। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल का बाद 2025-26 सीजन में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। कप्तान पारस डोगरा की अगुवाई में जम्मू-कश्मीर ने 67 साल का इंतजार खत्म करते हुए 2025-26 सीजन में अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। मैच ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बड़ी बढ़त के कारण टीम को विजेता घोषित किया गया।बेंगलुरु के पास हुवली क्रिकेट ग्राउंड पर 5 दिन मैच में 24 फरवरी को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे।

# ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 : राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को बुधवार को मलेशिया के आरोन ताई और खाई जिंग कांग ने सीधे गेम में 23-21, 21-12 से पराजित किया। मुकाबला 42 मिनट तक चला। विश्व नंबर चार भारतीय जोड़ी पहले गेम में अधिकांश समय पीछे रही। हालांकि उन्होंने दो गेम प्वाइंट बचाते हुए स्कोर 20-20 से बराबर किया, लेकिन मलेशियाई खिलाड़ियों ने निर्णायक अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम पूरी तरह एकतरफा रहा। एक समय रंकीरेड्डी और शेट्टी सात अंकों से पीछे चल रहे थे और वापसी नहीं कर सके, जिससे उन्हें टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा।

**मिश्रित युगल में भी निराशा**

**मिश्रित** युगल में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की जोड़ी को फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेलफीन डेलरू के खिलाफ 12-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला भी 42 मिनट में समाप्त हुआ।

**आयुष शेट्टी भी हारे**

पुरुष एकल में 20 वर्षीय आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया के विश्व नंबर 14 अल्वी फरहान के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार मिली। आयुष ने पहला गेम 21-19 से जीता, लेकिन इसके बाद 9-21 और 17-21 से अगले दो गेम गंवाकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत के लिए ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 की शुरूआत निराशाजनक रही, क्योंकि प्रमुख खिलाड़ी पहले ही दौर में बाहर हो गए।



# वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को ग्रैंडमास्टर अरविंद ने हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 में भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद लाइव चेस रैंकिंग में गुकेश 20वें स्थान पर पहुंच गए। वे टूर्नामेंट में आखिरी नंबर पर चल रहे हैं। दिसंबर 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश पर लगातार दबाव बना हुआ है। प्राग में चल रहे इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा। टूर्नामेंट में 6 राउंड के बाद वे 3 मुकाबले हार चुके हैं, जबकि बाकी 3 मैच ड्रॉ रहे। खराब प्रदर्शन के



कारण उनके 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कम हो गए। समय कम होने के कारण तेजी से चाल चलनी पड़ी

मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मैच के आखिरी फेज में गुकेश से बड़ी गलती हो गई। समय कम होने के कारण उन्हें 35वीं से 40वीं चाल तक तेजी मूव करना पड़ा। 40वीं चाल पर हुई एक गलती से सिचुएशन उनके हाथ से निकल गई और अरविंद को बढ़त मिल गई। इसके बाद गुकेश ने रिजाइन कर दिया। अरविंद ने कहा कि इस मैच में समय ने साथ दिया। गुकेश के पास समय कम था और बोर्ड पर दो नाइट होने से स्थिति मुश्किल हो गई। अगर गुकेश के पास थोड़ा और समय होता, तो वे 40वीं चाल पर रूक स्त्र3 खेलकर मैच बचा सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि यह मुकाबला दोनों खिलाड़ियों के लिए आसान नहीं था, क्योंकि टूर्नामेंट में दोनों का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा था।

**ड्रॉ करा सकते थे मुकाबला**

मैच के बाद अरविंद चिदंबरम ने बताया कि 37वीं चाल में 'एफ4' खेलना गुकेश के लिए भारी साबित हुआ। इस चाल से उनके नाइट (घोड़े) को एफ3 और एफ2 जैसी जगहों तक पहुंचने का मौका मिला। अगर उस समय गुकेश रूक (हाथी) डी2 चलते तो मुकाबला ड्रॉ की ओर जा सकता था।

# हरियाणा का आयरन मैन अर्जेंटीना में लड़ेगा बड़ी फाइट

**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के दिग्गज एमएमए फाइटर संग्राम सिंह एक बार फिर इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) की दुनिया में कदम रखने वाले संग्राम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का झंडा बुलंद करने जा रहे हैं।

5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह सिर्फ एक फाइट नहीं, बल्कि भारतीय एमएमए इतिहास का वह क्षण होगा जब पहली बार कोई भारतीय फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। संग्राम सिंह अपनी उम्र से 26 साल छोटे फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो के साथ फाइट करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है कि इतनी ज्यादा उम्र में तेज-तर्रार युवक से संग्राम फाइट करेंगे। 5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। संग्राम भारतीय और रशियन कोच की निगरानी में रोज 6 घंटे प्रैक्टिस कर रहे हैं। पिछले दिनों संग्राम सिंह पेरिस, थाईलैंड और बाली में ट्रेनिंग शेड्यूल पूरा करके आए थे। खास बात ये है कि हरियाणवी फाइटर शुद्ध शाकाहार पर निर्भर हैं। दूध-घी-चूरमा उनकी डाइट का अहम हिस्सा है। संग्राम सिंह दो बार एमएमए खिताब जीत चुके हैं। इंग्लैंड के पहली बार केज में उतरेंगे।

टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में आयोजित समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) का यह मुकाबला उनके करियर की तीसरा प्रोफेशनल फाइट है। संग्राम मूलरूप से रोहतक के मदीना गांव से नाता रखते हैं। एमएमए में बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, रेसलिंग, जूडो, कराटे और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु सब शामिल रहता है।




**फाइट विनर को एक करोड़ इनाम**

अर्जेंटीना में आयोजित इस फाइट को विनर को प्राइज में लगभग एक करोड़ रुपए मिलेंगे। साथ ही रैंक में सुधार होगा। फाइट के टिकट की कीमत 50 हजार रुपए तक है। उसके बाद टाइटल खेलने के लिए मौका मिलता है। टाइटल के दौरान करोड़ों रुपए मिलते हैं। संग्राम सिंह ने पिछली फाइट 2 नवंबर 2025 को नीदरलैंड में लड़ी और जीती। एसएफएच 28 के मुख्य मुकाबले में संग्राम सिंह का सामना फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा। यह मुकाबला एशिया और यूरोप की प्रतिभा के बीच जोरदार टकराव माना जा रहा है। जहां संग्राम अपने अनुभव और रणनीतिक परिपक्वता के साथ उतरेंगे, वहीं मोंटेइरो युवा जोश और आक्रामकता के दम पर अपनी पहचान मजबूत करना चाहेंगे। खेल से जुड़े एक्सपर्ट कहते हैं कि संग्राम को इस मुकाबले में बेहद सधे हुए अंदाज में उतरना होगा, क्योंकि मामूली गलती भी इस तरह के फाइटर के सामने भारी पड़ सकती है। ये अनुभव बनाम आक्रामकता की टक्कर होगी। अपने तीसरे अंतरराष्ट्रीय एमएमए मुकाबले को लेकर दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया मानी जाती हैं, मुकाबले के लिए लगातार मेहनत की जा रही है, लेकिन अनुशासन, फिटनेस और योद्धा भावना हर मंच पर काम आती है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना में वह केवल हिस्सा लेने नहीं, बल्कि जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगे।

## पाकिस्तान ने वर्ल्डकप हार का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा

# बाबर और सईम बांग्लादेश सीरीज से बाहर, 6 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का गुस्सा वनडे टीम पर उतारा। बुधवार को बांग्लादेश सीरीज के लिए टीम अनाउंस हुई। वर्ल्ड कप में बुरी तरह फ्लॉप रहे पूर्व कप्तान बाबर आजम और सईम अयूब को टीम से बाहर कर दिया। टीम में 6 अनकैप्ड प्लेयर्स और वर्ल्ड कप में टॉप स्कोरर रहे साहिबजादा फरहान को शामिल कर लिया। फरहान ने अक्टूबर 2024 से कोई घरेलू लिस्ट-ए मैच भी नहीं खेला है। वे अब तक पाकिस्तान के लिए वनडे डेब्यू भी नहीं कर सके।

- **शाहीन ही कप्तानी करेंगे-** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ही पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। उन्हें पिछले साल ही मोहम्मद रिजवान के बाद कप्तान बनाया गया था। वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे विकेटकीपर रिजवान वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। टी-20 कप्तान सलमान अली आगा, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी टीम में जगह मिल गई। वनडे सीरीज में कई प्लेयर्स को डेब्यू का मौका मिल सकता है। 28 साल के अब्दुल समद को जगह मिली, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में फिनिशर के रूप में पहचान बनाई। 21 साल के शामिल हुसैन और और 20 साल के माज सदाकत भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। 3 लिस्ट-ए मैच खेलने वाले 21 साल के शाद मसूद और गाजी घोरी भी टीम में शामिल किए गए हैं।



- **बॉलिंग डिपार्टमेंट में अनुभव को मौका-** अबरार के अलावा बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद वसीम जूनियर और हारिस रऊफ शामिल किए गए। बैटिंग ऑलराउंडर हुसैन तलत के साथ चाइनामैन फैसल अकरम भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने 2024 में वनडे डेब्यू किया था।
- **अपने बेस्ट फॉर्मेट से बाहर हुए बाबर-अयूब-** सईम अयूब और बाबर आजम अपने करियर में सबसे ज्यादा मजबूत वनडे फॉर्मेट में ही नजर आए। पिछले 13 मुकाबलों में अयूब ने 3 शतक और 2 फिफ्टी लगाईं। 2024 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीत में अयूब ने अहम भूमिका निभाई थी। अयूब वर्ल्ड कप में जरूर फ्लॉप रहे, लेकिन उनकी स्पिन गेंदबाजी ने टीम को अहम विकेट दिलाए थे। बाबर भी वनडे में 20 शतक और 37 फिफ्टी लगा चुके हैं। उन्होंने किसी और फॉर्मेट में 10 सेंचुरी भी नहीं लगाईं। उनके नाम 140 मुकाबलों में 6501 रन जरूर हैं, लेकिन 2025 से वे इस फॉर्मेट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इनके अलावा तेज गेंदबाज नसीम शाह और लेफ्ट आर्म स्पिनर मोहम्मद नवाज को भी वनडे टीम में जगह नहीं मिली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 3 वनडे की सीरीज 11 मार्च से शुरू होगी। 13 और 15 मार्च को बाकी 2 मुकाबले खेले जाएंगे। सभी मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही होंगे।

शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हुसैन तलत, माज सदाकत, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, गाजी घोरी (विकेटकीपर), साद मसूद, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शामिल हुसैन।

## एयरलाइन और टूरिज्म शेयरों में भारी गिरावट, 8 देशों ने बंद किया एयरस्पेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान संकट के कारण आज एयरलाइन और टूरिज्म कंपनियों के शेयरों में 14 फीसदी तक गिरावट आई। पश्चिम एशिया में कम से कम 8 देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे फ्लाइट ऑपरेशंस बाधित हुआ है और विमानों को लंबा रूट लेना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के शेयरों में बीएसई पर 7.5 फीसदी गिरावट आई और यह 4,461 रुपये तक फिसल गया। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 4,272 रुपये है। इसी तरह स्पाइसजेट का



शेयर तीन फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 14.91 रुपये पर आ गया। के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 13.5 प्रतिशत गिरावट आई और यह 147 रुपये पर आ गया। शेयर की कीमत भी 9 प्रतिशत गिरावट के साथ दिन के न्यूनतम स्तर 7.81 रुपये पर आ गई। इंडिगो ने पश्चिम एशिया के देशों के लिए अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद दुबई, अबु धाबी और दोहा के एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं या उनमें विमानों आवाजाही सीमित कर दी गई है। दुबई दुनिया का सबसे व्यस्त इंटरनेशनल एयरपोर्ट हब है।

## पश्चिम एशिया में हमलों के बाद तेल कीमतों में तेज उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झकझोर दिया है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमलों तथा उसके जवाबी हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। बाजार खुलते ही ट्रेडर्स ने आशंका जताई कि क्षेत्र से तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे कीमतों में और तेजी आ सकती है। 8 प्रतिशत तक चढ़ा अमेरिकी कच्चा तेल अमेरिका में उत्पादित हल्का और मीठा कच्चा तेल वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 67 डॉलर के स्तर से करीब 8 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़े तो यह उछाल जारी रह सकता है। पश्चिम एशिया के तनाव का सबसे बड़ा असर होर्मुज जलडमरूमध्य पर दिख रहा है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार है, जहां से प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल गुजरता है। यह वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा है। इस मार्ग से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान का तेल और गैस विश्व बाजार तक पहुंचता है। हाल ही में इस मार्ग से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले की खबर ने चिंता और बढ़ा दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इस जलमार्ग में आवाजाही सीमित होती है तो कई देशों की निर्यात क्षमता प्रभावित होगी, जिससे वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि तय मानी जा रही है। तनाव के बीच राहत देने की कोशिश में ओपीईसी+ समूह के आठ देशों ने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की है। अप्रैल से 2,06,000 बैरल प्रतिदिन अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। हालांकि ऊर्जा विश्लेषकों का कहना है कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, जब तक निर्यात मार्ग पूरी तरह सुरक्षित न हो जाएं। ईरान प्रतिदिन करीब 16 लाख बैरल तेल निर्यात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा चीन को जाता है।

# फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 8 प्रतिशत बढ़ा, 1.83 लाख करोड़ रहा कलेक्शन

## इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन था 1.71 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि बीते वर्ष समान अवधि में 1.69 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी सरकार की ओर से रविवार को दी गई। इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रुपए रहा है।
वित्त वर्ष 26 की शुरूआत से लेकर अब तक (अप्रैल 2025- फरवरी 2026 तक) जीएसटी कलेक्शन 20,27,033 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में जीएसटी कलेक्शन 18,71,670 करोड़ रुपए था।
फरवरी के जीएसटी कलेक्शन में सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपए रहा है, जबकि स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपए रहा है। वहीं, इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपए था। फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया है। इसमें सालाना आधार 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अगर रिफंड को घटा दिया जाए तो फरवरी में शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 1.61 लाख करोड़ रुपए हो जाता है। इसमें सालाना आधार पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 1,49,278 करोड़ रुपए था।
वहीं, फरवरी 2026 में सरकार का सेस कलेक्शन 5,063 करोड़ रुपए रहा है। सेस में सालाना आधार पर बड़ी गिरावट देखने को मिली है।
इसकी वजह सरकार द्वारा सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 को लागू करना था, जिससे तहत अधिकतर सामानों पर सेस को हटा दिया गया था और जीएसटी के टैक्स स्लैब को चार (28 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) से घटाकर (18 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) कर दिया था। फरवरी में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन दर्ज किया गया। इसके बाद हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल का नाम शामिल था। वहीं, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर उन राज्यों में शामिल थे जहां सबसे कम जीएसटी संग्रह हुआ।




# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव ने कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये से लेकर 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,50,790 रुपये से लेकर 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,64,650 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### चार महीने की हुई सबसे तेज गति

# फरवरी में चार महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा भारत का पीएमआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि मजबूत रही और पीएमआई बढ़कर 56.9 पर चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसे मजबूत घरेलू मांग और नए ऑर्डरों का सहारा मिला। हालांकि, नए निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रही। फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार और मजबूत हुई है। एचएसबीसी के सर्वे के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जनवरी के 55.4 से बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 56.9 पर पहुंच गया। यह स्तर सेक्टर की सेहत में स्पष्ट सुधार और निरंतर विस्तार का संकेत देता है। उत्पादन भी चार महीने की सबसे तेज गति से बढ़ा और दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहा। पैनल सदस्यों के मुताबिक दक्षता में सुधार, मजबूत मांग, नए काम के बढ़ते ऑर्डर और तकनीकी निवेश ने उत्पादन वॉल्यूम को सहारा दिया। बढ़ते कार्यभार के बीच कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई, इन्वेंट्री में इजाफा किया और अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती



की, जो मांग की निरंतरता को लेकर भरोसा दर्शाता है। हालांकि, निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि में नरमी देखी गई। फरवरी में बाहरी मांग में विस्तार 17 महीनों के सबसे धीमे स्तर पर रहा, जो दीर्घकालिक औसत के करीब रहा। जहां निर्यात बिक्री बढ़ी, वहां कंपनियों ने एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका से मांग का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कमी आई, वह नए निर्यात ऑर्डर रहे, जिनमें फरवरी में बढ़ोतरी 17 महीनों की सबसे धीमी रही। इसके बावजूद समग्र परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। आने वाले एक साल के लिए उत्पादन को लेकर कंपनियां आशावादी दिखीं, जहां 16 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान जताया, जबकि 1 प्रतिशत से भी कम ने गिरावट की आशंका जताई। कुल मिलाकर, फरवरी के पीएमआई आंकड़े संकेत देते हैं कि मजबूत घरेलू मांग विनिर्माण गतिविधियों को सहारा दे रही है।

# अनुशासित निवेश के लिए एसआईपी का ढेर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के रहने वाले आशीष ने नई नौकरी लगते ही म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू कर दिया। आशीष ने एक या दो नहीं, बल्कि `2,000 की 12 अलग-अलग म्यूचुअल फंड एसआईपी शुरू कर दीं। उन्हें लगा कि उन्होंने एक बड़ा पोर्टफोलियो बना लिया है और उन्होंने सोचा कि जितने ज्यादा फंड होंगे, उतना ही ज्यादा विविधीकरण होगा और उतना ही ज्यादा पैसा बनेगा। आशीष जैसे कई लोग एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार, 2025 की शुरुआत में एसआईपी के माध्यम से मासिक निवेश 26,400 करोड़ रुपये था, जो जनवरी 2026 तक 31,002 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, हकीकत यह है कि आशीष का पोर्टफोलियो संतुलित नहीं है, बल्कि यह पोर्टफोलियो ओवरलैपिंग का



शिकार है। आशीष के 12 फंडों में से 10 ने रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस के शेयर खरीद रखे हैं। यह निवेश नहीं है, इसे ओवर-डाइवर्सिफिकेशन कहा जाता है। अगर रिलायंस का शेयर गिरता है, तो आशीष के सभी 12 फंड एक साथ नीचे आएंगे। जब 2025 में बाजार में उतार-चढ़ाव आया तो उन लोगों के पोर्टफोलियो सबसे ज्यादा गिरे जिन्होंने केवल स्मॉल-कैप में निवेश किया था। जब बाजार चढ़ता है, तो हर कोई विजेता दिखता है, लेकिन असली निवेशक वही है जिसका पोर्टफोलियो गिरावट के दौरान कम गिरे। पिछले एक साल में एसआईपी इनफ्लो में लगातार बढ़ोतरी निवेशकों की बदलती सोच को दर्शाती है।

साल भर में लगभग 17त्न की कुल वृद्धि के साथ, यह स्पष्ट है कि अधिक लोग शॉर्ट-टर्म मार्केट टाइमिंग के बजाय अनुशासित, लॉन्ग-टर्म निवेश को चुन रहे हैं। यह रुझान बढ़ती जागरूकता, वित्तीय आत्मविश्वास और संपत्ति बनाने के एक भरोसेमंद उपकरण के रूप में एसआईपी पर भरोसे को उजागर करता है। निवेशक महसूस कर रहे हैं कि मार्केट टाइमिंग से ज्यादा निरंतरता मायने रखती है। जैसे-जैसे भागीदारी बढ़ रही है, धैर्य, अनुशासन और कंपाउंडिंग की ताकत से लैस एसआईपी वित्तीय लक्ष्यों को पाने का पसंदीदा रास्ता बनते जा रहे हैं।

## सीसीआई ने सेंट्रल बैंक को इंश्योरेंस वेंचर्स में हिस्सेदारी बढ़ाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में अतिरिक्त शेयरधारिता के




अधिग्रहण को अपनी मंजूरी दे दी है। आयोग का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि प्रस्तावित संयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जीसीआईसीएल) में 1.09 फीसदी अतिरिक्त इक्विटी और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जीसीएलआईसीएल) में 0.82 फीसदी अतिरिक्त इक्विटी के अधिग्रहण से संबंधित है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें जमा स्वीकार करना, ऋण देना और संबद्ध वित्तीय सेवाएं प्रदान करना शामिल है। जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारत में सामान्य बीमा सेवाएं प्रदान करती है और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करती है।

# स्टॉक मार्केट में ओम्नीटेक इंजीनियरिंग की निराशाजनक शुरुआत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाई-प्रिसिजन इंजीनियर्ड कंपोनेंट्स और असेंबली की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करने वाली कंपनी ओम्नीटेक इंजीनियरिंग के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में डिस्काउंट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 227 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 9.70 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 205 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 11 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 202 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली का सपोर्ट मिलने पर ये शेयर 224.70 रुपये के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने ये वापस 202 रुपये के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 204.93 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 22.07 रुपये प्रति शेयर यानी 9.72 प्रतिशत का नुकसान हो गया।
ओम्नीटेक इंजीनियरिंग का 583 करोड़ रुपये



का आईपीओ 25 से 27 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन तीन गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.77 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.35 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 2,56,85,062 शेयर जारी किए गए हैं। इनमें 1,84,16,340 नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि 72,68,722 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।
कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 32.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 18.91 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 43.87 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 27.78 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी आमतौर पर बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 183.71 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में मामूली गिरावट के साथ 181.95 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 349.71 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 236.69 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 88.81 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 230.49 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 330.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

### सभी लाइसेंसियों पर लागू होगा नियम

## खाने-पीने की दुकानों के लिए नए नियम लागू करने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस प्राप्त सभी दुकानों पर यह नियम लागू होगा। देश में एक करोड़ से अधिक खाद्य कारोबारों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 46 लाख से ज्यादा सक्रिय हैं। देश में खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्रस्ताव रखा है कि अब खाद्य कारोबारियों को अपने प्रोडक्शन और स्टोरेज का डेली रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। इससे इनकी निगरानी करना आसान हो जाएगा। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, नियामक ने अभी इन नए नियमों के लागू होने की तारीख तय नहीं की है और 5 अप्रैल 2026 तक इस प्रस्ताव पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन नई व्यवस्था से देश के लगभग 50 लाख सक्रिय खाद्य कारोबारियों पर नए नियम लागू हो जाएंगे। नए प्रस्ताव के तहत खाद्य व्यवसाय संचालकों को कच्चे माल, इस्तेमाल की गई सामग्री, बन रही वस्तुओं और तैयार उत्पादों का दैनिक हिसाब रखना होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, स्रोत और भंडारण की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।



सरकार का मानना है कि इससे खाद्य सुरक्षा निगरानी मजबूत होगी और यदि किसी उत्पाद में गड़बड़ी पाई जाती है तो उसका स्रोत जल्दी पता लगाया जा सकेगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस प्राप्त सभी इकाइयों पर यह नियम लागू होगा। देश में एक करोड़ से अधिक खाद्य कारोबारों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 46 लाख से ज्यादा सक्रिय हैं। वहीं, उद्योग संगठनों का कहना है कि बड़े संगठित कारोबार पहले से ही ऐसे रिकॉर्ड रखते हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होगी, लेकिन छोटे दुकानदारों, ढाबों और लघु इकाइयों के लिए यह अतिरिक्त बोझ बन सकता है।

# खदान बंद करेक आउर पुनर्उपयोग उपरे भेलक रास्ट्रीय कार्जसाला

## खदान के बंद करेक खनन गतिबिधि कर अंत नई : रेड्डी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**तमिलनाडु।** कोयला मंत्रालय आउर एनएलसी इंडिया लिमिटेड कर तत्वावधान में तमिलनाडु कर नेवेली में निष्कर्षण से आगे बढ़ना : खदान बंद करना और पुनर्उपयोग बिसय उपरे दुई दिनक रास्ट्रीय कार्जसाला कर आयोजन करल गेलक। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ई कार्जसाला कर उद्घाटन करलयं। मंत्री खदान बंद करेक आउर सतत बिकास जोजना आउर खनन कर बाद भूमि कर सतत पुनर्उपयोग उपरे केंद्रित देस कर पहिल रास्ट्रीय स्तर कर पहल कर बारे में बतालयं। कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव श्रीमती रूपिंदर बराड़ आउर सनोज कुमार झा, कोयला नियंत्रक सजीश कुमार एन आउर कोयला मंत्रालय कर अन्य बरिष्ठ अधिकारी कार्जसाला में उपस्थित रहयं।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी कहलयं कि खदानमन के बंद करेक खनन गतिबिधि कर अंत नई, बलकि खनन छेतर में रहेक वाला समुदायमन ले नवा सामाजिक-आर्थिक अवसर कर सुरुआत आहे। ऊ बैज्ञानिक पुनर्स्थापन, पर्याबरन बहाली, खदान बंद करेक ले वंटित धनरासि कर प्रभावी उपजोग आउर खनन परभावित छेतर में स्थायी आजीविका कर अवसर सृजित करेक कर महत उपरे परकास डाललयं।

ई कार्जसाला में बंद करल जायेक वाला खानमन कर 147 नोडल अधिकारीमन कर संगे-संगे कोयला छेतर कर सार्वजनिक छेतर कर उपक्रम, निजी खनन कंपनी, नियामक निकाय, गैर सरकारी संगठन, नीति निमार्ता, बित्तीय संस्थान, सिछाबिद, द्विपछीय आउर बहुपछीय संगठनमन कर प्रतिनिधिमन संगे 500 से बेसी प्रतिभागीमन भाग लेलयं। कार्जसाला कर दौरान आयोजित नौ विसयगत सत्र में सरकार, उद्योग, अनुसंधान संस्थान, बिकास संगठन आउर अंतर्रास्ट्रीय एजेंसीमन कर 29 गो परतिष्ठित बक्तामन भाग लेलयं। ई बिसेसज्ञमन खदान के बंद करेक आउर खनन कर बाद कर बदलाव कर बारे में आपन बेवहारिक अनुभव आउर अंतर्दृष्टि साझा करलयं।













# पैतृक गांव नेमरा में आयोजित बाहा पर्व में सामिल होलयं मुख्यमंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार आपन पैतृक गांव नेमरा में आयोजित बाहा पर्व में सामिल होलयं। ई अवसर में मुख्यमंत्री ग्रामीनमन का संगे नेमरा गांव इस्थित जाहेर थान पहुंचलयं। मुख्यमंत्री हुवां पारम्परिक बिधि-बिधान कर संगे पूजा-अर्चना कइर के राइजवासीमन कर सुख, समरिधि, खुसहाली आउर उन्नति कर कामना करलयं। परंपरा कर अनुरूप पूजन कार्य गांव कर नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू आउर कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा संपन्न करालयं। मुख्यमंत्री नेमरा कर ग्रामीनमन कर स्नागे बाहा पूजा ले आपन निवास स्थान से पदजात्रा करते जाहेर थान पहुंचलयं।











# संस्थापक दिवस में टाटा स्टील इंटर-डिविजनल चैंपियंस के करलक सम्मानित

## खेल कार्जकरम में कई रोचक गतिबिधि आयोजित करल गेलक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में आयोजित संस्थापक दिवस खेल समारोह कर दौरान इंटर डिविजनल (आईडी) खेल प्रतिजोगिता कर बिजेतामन के सम्मानित करलयं। ई पुरस्कार कर माध्यम से बछर भइर आयोजित बिभिन्न खेल प्रतिजोगिता में जुदा जुदा डिवीजन कर करमचारीमन कर द्वारा परदरसित टीम भावना, फिटनेस आउर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर भावना के सम्मानित करल गेलक।

संस्थापक दिवस कर अवसर में आयोजित ई यादगार समारोह में करमचारीमन आउर लीडरसिप टीम एके संगे मिइल के ई उपलब्धिमन कर जश्न मनालयं। ई कार्जकरम में टाटा स्टील कर सीईओ आउर मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन उपस्थित रहयं।






उनकर संगे डीबी सुंदरा रामम (वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज), प्रोबाल घोष (वाइस प्रेसिडेंट, एसेट एंड एनर्जी मैनेजमेंट), चैतन्य भानु (वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, टाटा स्टील जमशेदपुर), संदीप कुमार (वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स) कर संगे टाटा वर्कर्स यूनियन कर सदस्य आउर कंपनी कर अन्य अधिकारी भी मौजूद रहयं। ई अवसर में कई बरिष्ठ नेतृत्व बिजेता टीम आउर खेलाड़ीमन के पुरस्कार परदान करलयं। संस्थापक दिवस कर खेल कार्जकरम में कई रोचक गतिबिधि आयोजित करल गेलक। इकर में कॉरपोरेट रिले, टग ऑफ वॉर, मार्च पास्ट आउर कौसल आधारित मनोरंजक प्रतिजोगिता जैसन बास्केटबॉल ड्रिब्लिंग, टेबल टेनिस बॉल ड्रिब्लिंग, तीरंदाजी आउर बॉल बैडमिंटन सामिल रहे। कार्जकरम कर समापन पुरस्कार बितरन समारोह कर संगे भेलक।




# सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में उमंग कर संगे मनाल गेलक होली





प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। पुंदाग कर सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम में रहेक वाला 50 से बेसी निराश्रित, दिब्यांग प्रभुजनमन कर बीच होली कर पावन उत्सव ढेइरे हरसोल्लास आउर भक्तिभाव कर संगे मनाल गेलक। ई आयोजन श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर कर प्रांगन में संपन्न भेलक। कार्जकरम कर सुरुआत मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे द्वारा श्री राधा रानी कर बिधिवत पूजा-अर्चना आउर महाभोग अर्पन से भेलक। वैदिक मंत्रोच्चार आउर भक्तिमय बाताबरन कर बीच आवल सरधालुमन भगवान से सुख-सांति आउर समरिधि कर कामना करलयं। पूजा कर बाद आश्रम में रहेक वाला निराश्रित जन, दिब्यांग आउर सेवादारमन कर बीच अबीर-गुलाल कर संगे होली खेलल गेलक। होली कर पारंपरिक गीत आउर भजन कर मधुर धुन में सउब एक-दूसर के रंग लगाय के प्रेम आउर भाईचारा कर परिचय देलयं। आश्रम परिसर रंग से सराबोर होए उठलक आउर हर चेहरा में मुस्कान खिइल उठलक। बिसेस रूप से निराश्रित आउर दिब्यांग प्रभुजनमन कर चेहरा में उत्साह आउर आत्मीयता कर झलक कार्जकरम के भावुक आउर प्रेरनादायक बनाय देलक। ई अवसर में ट्रस्ट कर अध्यछ डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल आउर प्रवक्ता सह मीडिया परभारी संजय सर्राफ कहलयं कि होली खली रंग कर तेवहार नई, बलकि आपसी प्रेम, सद्भाव आउर सामाजिक एकता कर प्रतीक आहे।

## होलिका



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?
दुसरक तिसरक गलती में
लाठी - डंटा,पथर उठाइला,
आउर अपन दोस के चुकाय
चलिला।
हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?
अगर इ तेयोहार
परतिक हके जित कर,
तो जित के काहां देखाईला!
बुराइ हर ज होते रहेला
हामरे काहां सुधराय पारिला?
बस अपन बड़गवारी
भइर करे जानिला।
हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?
ना घमंड जलेला
ना जलेला लालच,
धू-धू कइर धुंगा भइर उठेला!
खुसी मानाएक में एतइ
मोहाय जाइला हामरे,की
सच से नजइर नइ मिलाय पारिला!!
हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?
हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?
दुसरक तिसरक गलती में
लाठी - डंटा,पथर उठाइला,
आउर अपन दोस के चुकाय चलिला।
हामरे होलिका बाहरे जलाइला
आउर अपन भितरे कर
आइग काले सलगाते रहिला?

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com